राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
सत्य, निष्पक्ष भारत

उत्तराखंड, नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित/उत्तर प्रदेश में प्रसारित

उत्तम भारत

12

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 1 ▸▸ अंक: 189 ▸▸ देहरादून ▸▸ मंगलवार, 24 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI.No. UAHIN/26/A3885



योगी सरकार का शहरी सीवरेज.....

बैकुंठ चतुर्दशी मेला

मुख्यमंत्री धामी ने किया भव्य शुभारंभ

श्रीनगर को दी विकास की सौगातें





उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेले का सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। खुली जीप में सवार मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने भी उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने रिबन काटकर मेले का उद्घाटन किया और कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामोत्थान परियोजना के तहत लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने पारंपरिक संस्कृति से जुड़ाव प्रदर्शित करते हुए सिलबट्टे पर नमक भी पीसा।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला केवल धार्मिक और व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कमलेश्वर महादेव मंदिर की पौराणिक महत्ता का उल्लेख करते हुए श्रीनगर को धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरी बताया। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि लगभग 200 करोड़ रुपये की सीवर लाइन परियोजना अंतिम चरण में है। श्रीनगर से देहरादून के लिए जल्द हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के माध्यम से साइंस सिटी विकसित करने और नगर निगम के नए कार्यालय भवन के निर्माण को स्वीकृति देने की घोषणा की।

उन्होंने धारी देवी मंदिर के समीप आधुनिक घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के साथ विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग में हाईटेक घाट विकसित करने की भी घोषणा की। बैकुंठ चतुर्दशी मेले के आयोजन के लिए सरकारी सहयोग देने की बात भी कही।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से एनआईटी श्रीनगर का निर्माण कार्य चल रहा है। बेस अस्पताल में 25 करोड़ रुपये की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया गया है। इसके अलावा पेयजल, सड़क, पार्किंग, रेलवे कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर को उत्तराखंड की सांस्कृतिक राजधानी बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कमलेश्वर महादेव से संबंधित डाक आवरण का विमोचन भी किया। इस दौरान महापौर आरती भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी रचना बुटोला, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, विधायक विनोद कंडारी, राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी सर्वेश पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



धामी ने गढ़वाली में रचित श्रीराजराजेश्वरी चालीसा का किया विमोचन, मातृभाषा को मिला सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को मातृभाषा के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में श्रीनगर की कवयित्री साईनीकृष्ण उनियाल ने सराहनीय पहल की है। उनके द्वारा गढ़वाली एवं हिंदी भाषा में रचित श्रीराजराजेश्वरी चालीसा का ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विमोचन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी भी मौजूद रहे। यह चालीसा देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ की आराध्य देवी मां भगवती श्रीराजराजेश्वरी के प्रति श्रद्धा और गढ़वाली भाषा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कवयित्री ने धार्मिक आस्था को साहित्य से जोड़ते हुए मां भगवती की महिमा का वर्णन गढ़वाली और हिंदी में किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस साहित्यिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य सृजन को सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वाली भाषा में धार्मिक साहित्य की रचना से स्थानीय लोकभाषा को नई पहचान मिलेगी और युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकेगी। कवयित्री के लिए यह विमोचन गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ-साथ गढ़वाली भाषा के साहित्यकारों और भाषा प्रेमियों के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता उनियाल ने किया।

पहाड़ों की बर्फबारी से बढ़ेगी दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन

नई दिल्ली। पहाड़ों पर बदलते मौसम का असर अब मैदानी इलाकों में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और भी जोर पकड़ेगी।

इस हफ्ते न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की प्रबल संभावना है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले छह दिनों तक दिल्ली-एनसीआर के आसमान में कोहरे का डेरा रहने वाला है।

23 नवंबर को दिन की शुरूआत हल्के कोहरे के साथ होगी। अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 24 नवंबर को तापमान में मामूली गिरावट दर्ज होगी। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री पर आ जाएगा, जबकि अधिकतम 25 डिग्री रहेगा। मौसम हल्का कोहरा बना रहेगा। 25 नवंबर को ठंड बढ़ना शुरू हो जाएगा। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम 25 डिग्री रहेगा। कोहरे की तीव्रता बढ़कर मध्यम कोहरा तक पहुंच जाएगी। 26 नवंबर को सबसे अधिक ठंड इस दिन महसूस की जा सकती है। न्यूनतम तापमान गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आसमान में मध्यम कोहरा छाया रहेगा। 27 और 28 नवंबर को तापमान में स्थिरता रहेगी। न्यूनतम पारा 10 डिग्री और अधिकतम 26 डिग्री के आसपास बना रहेगा। दोनों ही दिन मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिलेगा।

यमुना 60 प्रतिशत साफ, 2030 तक पूरी नदी साफ हो जाएगी: मंत्री सिरसा

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को कहा कि यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा अब इतना साफ हो गया है कि उसका पानी पीने लायक है और 2029 या 2030 तक पूरी यमुना को साफ कर दिया जाएगा।

सिरसा यहां उबर की वन लेस कार रिपोर्ट के जारी होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यमुना की सफाई का श्रेय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पिछले दो वर्षों में केंद्र सरकार से मिले सहयोग को दिया। मंत्री ने कहा कि नदी की सफाई का काम एक छोर से शुरू किया गया है और इसे धीरे-धीरे दूसरे छोर तक ले जाया जाएगा। यही कारण है कि अभी पूरी नदी के बजाय 60 प्रतिशत हिस्से की सफाई हो सकी है। सिरसा ने कहा, यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह साफ हो चुका है। साफ होने का मतलब इतना स्वच्छ है कि आप उसका पानी भी पी सकते हैं। उन्होंने लोगों से यमुना के किनारे जाकर सफाई की स्थिति स्वयं देखने की अपील भी की।



पीएम मोदी ने नेपाल–भारत के रिश्ते को बताया अटूट

भारत की ओर से 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के डेवलपमेंट कोऑपरेशन पैकेज की बड़ी घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नेपाल के बीच संबंधों को केवल पड़ोस का नहीं, बल्कि अपनेपन और अटूट विश्वास का रिश्ता बताया है। पड़ोसी देश नेपाल को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आपदा के बाद पुनर्निर्माण में सहयोग के लिए पीएम मोदी ने भारत की ओर से 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के डेवलपमेंट कोऑपरेशन पैकेज की बड़ी घोषणा की है।

बाढ़ से हुए नुकसान पर संवेदना और मदद का हाथ : द्विपक्षीय बैठक के बाद आयोजित जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने अगस्त में नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ का जिक्र किया। बाढ़ से हुई जनहानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल के पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक विकास को नई मजबूती देने के लिए यह वित्तीय पैकेज दिया जा रहा है। दोनों देशों की साझेदारी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल की खुशियां और चुनौतियां दोनों साझी हैं; दोनों देश प्रगति में साथी हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा भी हैं।

बालेन्द्र शाह के विजन और नेपाल के जनादेश की तारीफ : पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह का पहला द्विपक्षीय विदेश दौरा भारत का होना दोनों देशों की गहरी दोस्ती को दर्शाता है। नेपाली पीएम की वाकपटुता और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जब शाह ने विश्व के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया था, तब उनके विजन की स्पष्ट झलक दिखाई दी थी। पीएम मोदी ने यह भी माना कि इस वर्ष नेपाल की जनता ने जो ऐतिहासिक जनादेश दिया है, वह वहां की नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने नेपाल के भविष्य और द्विपक्षीय संबंधों के प्रति शाह की स्पष्ट प्रतिबद्धता को महसूस किया है।

हैदराबाद हाउस में मंत्रणा और ह्यसरयू-कमलाह्न ट्रेन का शुभारंभ : इससे पहले, हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष बालेंद्र शाह के बीच संबंधों को नई ऊंचाई देने पर गंभीर मंत्रणा हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी। मीडिया ब्रीफिंग से ठीक पहले, दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से अयोध्या और नेपाल के जनकपुर को जोड़ने वाली सरयू-कमला ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



रानी झलकारी बाई जयंती पर भाजपा ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में वीरांगना रानी श्रीमती झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर दिल्ली भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सांसद कमलजीत सहरावत एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में रानी झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाजपत राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव, प्रदेश पदाधिकारी विजय सोलंकी, सुमीत भसीन, अमित गुप्ता, मोर्चा पदाधिकारी लीला सिंह, रूपेश मेरा, राजकुमार चौटेला एवं विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा की रानी झलकारी बाई भारतीय नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक थीं। 1857 की क्रांति में उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के रूप में अंग्रेजों से लोहा लेकर देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। एक साधारण परिवार में जन्म लेकर भी उन्होंने अपने पराक्रम से इतिहास रच दिया। झलकारी बाई का जीवन हमें सिखाता है कि जाति और परिस्थिति बड़ी नहीं होती, संकल्प बड़ा होता है। आज उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सम्मान पहुंचाएंगे। दिल्ली भाजपा उनके बलिदान को शत-शत नमन करती है।

दिल्ली भाजपा प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि रानी झलकारी बाई दलित समाज की गौरव और वीरता की अमर गाथा हैं। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए मातृभूमि की रक्षा की। उन्होंने यह सिद्ध किया कि देशभक्ति किसी वर्ग, जाति या लिंग की मोहताज नहीं होती।

उन्होंने कहा, झलकारी बाई का साहस आज भी हर युवा और नारी को प्रेरणा देता है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब और रानी झलकारी बाई के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक समरसता और सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

दक्षिणी दिल्ली में शादी समारोहों के चलते कई सड़कों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में शादी समारोह निर्धारित होने के कारण कई सड़कों पर यातायात प्रतिबंध लगाए गए हैं और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि शादी समारोह के दौरान 7,000 से अधिक मेहमानों और लगभग 3,500 अतिरिक्त वाहनों के आने की संभावना है।

यातायात पुलिस के परामर्श के मुताबिक, कई सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें एसएसएन मार्ग (भाटी माइंस रोड), बांध रोड, मंडी रोड और एमजी रोड शामिल हैं। कहा गया है कि जिन मार्गों पर यातायात जाम होने की संभावना है, उनमें एसएसएन मार्ग, 100 फुटा रोड, अणुव्रत मार्ग, अरबिंदो मार्ग, मंडी रोड, जौनापुर रोड, महरौली-गुरुग्राम रोड और महरौली-महिपालपुर रोड शामिल हैं। पुलिस ने शादी में आने वाले मेहमानों से कहा है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी करने से बचें।

हर पुलिसकर्मी को सेवा व समर्पण की प्रेरणा देता है पुलिस ध्वज : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी जवानों व उनके परिजनों को पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। पुलिस झंडा दिवस पर सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस कलर (फ्लैग पिन) लगाया और स्मृति चिह्न प्रदान किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ध्वज कर्तव्यनिष्ठा, अदम्य साहस, अनुशासन और

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों व उनके परिजनों को दी पुलिस झंडा दिवस की शुभकामना

जनसेवा के अटूट संकल्प का गौरवशाली प्रतीक है। 'पुलिस झंडा दिवस' हमारी गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, त्याग और बलिदान के संकल्प का स्मरण कराता है। उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों और उनके परिजनों को 'पुलिस झंडा दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह ध्वज प्रत्येक पुलिसकर्मी को सेवा व समर्पण की प्रेरणा देता है तथा सबके मन में विश्वास व सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री आवास पर फ्लैग पिन लगाने के दौरान अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश, आईपीएस सुनील इमैनुअल आदि मौजूद रहे।



हनुमानगढ़ी में माथा टेक रामलला के दरबार पहुंचे योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर आगमन के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए और आरती उतारकर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री योगी अयोध्या और नेपाल के जनकपुर धाम के बीच शुरू होने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामनगरी पहुंचे थे। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किए। मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु के चरणों में शीश नवाया और प्रदेशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और आमजन का मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। दर्शन-पूजन के समय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

आयुक्त की जनसुनवाई में हुआ बड़ा एक्शन

कहीं अटका 35 लाख का बीमा तो कहीं दो साल से दबाए बैठे थे 5.50 लाख रुपये

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कर भूमि विवाद, दुर्घटना बीमा क्लेम, जमीन का हिस्सा दिलाने और प्लॉट पर कब्जे जैसी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों और दोनों पक्षों को तलब कर मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

भूतपूर्व सैनिक के परिवार को नहीं मिला 35 लाख का बीमा क्लेम

जनसुनवाई में हल्द्वानी निवासी अनीता ने बताया कि उनके पति भूतपूर्व सैनिक थे, जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी पेंशन बैंक ऑफ बड़ौदा में आती थी, लेकिन परिवार को दुर्घटना बीमा की धनराशि नहीं मिल सकी। इस पर आयुक्त ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और बैंक अधिकारियों को तलब कर जानकारी ली।

बैंक अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना बीमा का लाभ लेने के लिए खाता रक्षा पेंशन पैकेज



के तहत मैप होना और उसमें नियमित रूप से पेंशन जमा होना जरूरी है। सामान्य बचत खाते पर यह क्लेम नहीं मिलता। बैंक की ओर से रक्षा पेंशन पैकेज के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर लगभग 35 लाख रुपये का बीमा कवर दिए जाने की जानकारी दी गई। आयुक्त ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पूर्व सैनिक समय रहते अपने खाते रक्षा पेंशन पैकेज के तहत करा सकें।

दो साल से अटके 5.50 लाख रुपये एक माह में लौटाने के निर्देश

हल्द्वानी निवासी मुकेश भट्ट ने शिकायत की कि उन्होंने दो साल पहले जमीन खरीदने के लिए माया देवी को 5.50 लाख रुपये दिए थे, लेकिन न तो उन्हें जमीन मिली और न ही रकम वापस की गई। आयुक्त ने दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। आपसी समझौते के तहत माया देवी को एक माह के भीतर 5.50 लाख रुपये वापस करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि निर्धारित समय में रकम नहीं लौटाने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्टे वाली 60 बीघा जमीन पर काम करने से रोका जसपुर निवासी अनीता शर्मा ने बताया कि उनकी 60 बीघा जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा है और न्यायालय से भूमि पर स्टे लिया गया है।

इसके बावजूद दूसरा पक्ष जमीन पर फसल बोने, तारबाड़ करने और टीन शेड बनाने का काम कर रहा है। इस पर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टे वाली भूमि पर न्यायालय का फैसला आने तक कोई भी पक्ष ऐसा कार्य न करे। उन्होंने दूसरे पक्ष को चेतावनी दी कि आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त दीपक रावत ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेने और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

चेयरमैन गित्ते ने मझराप्रभु में किया 200 मीटर टाइल्स रोड का शिलान्यास

लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या से मिलेगी निजात

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने सोमवार को नगर के वार्ड नंबर एक मझराप्रभु में 200 मीटर लंबी टाइल्स रोड़ का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या से निजात मिलेगी। शिलान्यास के अवसर पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का समान रूप से विकास करना हमारी पहली



प्राथमिकता है। मझराप्रभु के वासियो ने सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना और चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते का फूल मालव से जोरदार स्वागत किया। साथ ही मझराप्रभु के वासियो ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना और चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते का तहे दिल से आभार प्रकट किया, इस दौरान सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

सोंग नदी के प्रदूषण और खतरनाक बैक्टीरिया पर लगेगी लगाम

IIT रुड़की ने तैयार किया एक्शन प्लान

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। सोंग नदी में बढ़ते प्रदूषण और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (अटफ) के खतरे से निपटने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रुड़की और इंटरनेशनल वाटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ने संयुक्त पहल शुरू की है। इसके तहत 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें नदी प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और रोकथाम के लिए वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सोंग नदी बेसिन के प्रदूषण हॉटस्पॉट चिह्नित करने के लिए आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जलविज्ञान मॉडलिंग के इस्तेमाल पर मंथन किया। साथ ही नदी पुनर्जीवन के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया गया, जिसमें पर्यावरण, पशु स्वास्थ्य और मानव स्वास्थ्य को एक साथ ध्यान में रखा जाएगा।

मुख्य अतिथि सचिव जलागम एवं



मुख्य परियोजना निदेशक दिलीप जावलकर ने कहा कि नदी की स्वच्छता, पारिस्थितिकी और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। IIT रुड़की के प्रो. सुमित सेन ने वैज्ञानिक मॉडलिंग के माध्यम से प्रदूषण के स्रोतों और संभावित समाधानों का आकलन करने पर जोर दिया।कार्यशाला में सिंचाई, पशुपालन, जनस्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण और विभिन्न शोध संस्थानों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य सोंग नदी के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और एएमआर की रोकथाम के लिए साझा कार्ययोजना तैयार करना है।

ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा का केंद्र स्थापित करना सराहनीय पहल : गणेश जोशी

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। धनौरी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा का केंद्र स्थापित करना सराहनीय कदम है। इससे क्षेत्र के युवाओं और बेटियों को घर के नजदीक बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। यह बात कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को हरिओम सरस्वती पीजी कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने महाविद्यालय में 70 प्रतिशत से अधिक छात्राओं के अध्ययनरत होने पर खुशी जताते हुए इसे महिला सशक्तीकरण की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, तकनीक एवं नवाचार से जुड़ने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की। साथ ही गुरुजनों और माता-



पिता का सम्मान करने तथा प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन डॉ. हर्ष सैनी, प्राचार्य मुनेन्द्र सिंह, उप प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार, राजीव गुरूंग, अंजली राठौर, डॉ. सरिता पंवार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सपाइयों ने दी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। सिंचाई विभाग गृह अतिथि गृह में सपाइयों ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई, सपाइयों ने उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, साथ ही सपाइयों ने उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक संघर्ष जन सेवा और समाजवादी की विचारधारा को याद किया, सपाइयों ने उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया, समाजवादी के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल, तकनीकी प्रयोग, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के उपयोग और आधुनिक तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा और



रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कला अनुभाग में आकर्षक चित्रकलाओं और हस्तनिर्मित वस्तुओं ने भी अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक भगत सिंह बिष्ट, समाजसेवी शलभ गर्ग, विद्यालय अध्यक्ष शैलेंद्र कर्णवाल, दिनेश कुमार जैन, अनुज तायल और अनिल गोयल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी।

पूर्व मेयर गौरव गोयल ने छात्राओं को वितरित की निशुल्क पाठ्य सामग्री

उत्तम भारत संवाददाता

रुड़की। सिविल लाइन स्थित मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में पूर्व मेयर गौरव गोयल ने सैकड़ों छात्राओं को निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता और बेहतर भविष्य का सबसे मजबूत आधार है। सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूजा गुप्ता ने कहा कि बेहतर शिक्षा से ही बच्चे आत्मनिर्भर और सक्षम बन सकते हैं। समाजसेवी शेखर सिंघल ने भी विद्यार्थियों से परिवार और समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कॉलेज की प्रधानाचार्य सीमा एम. कुमार ने गौरव गोयल का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधिका दीपिका चार्ली, एस्तर आनंद, मीना डेनियल, सरिता दास, सोनिया सिंह, नीलम, पूनम कन्खा, सुखबीर सिंह सोनी और लवी त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन का उप तहसील नानकमत्ता में मतदाता जागरुक कार्यक्रम

इवीएम मशीन से मत के लिए जागरुकता का प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

नानकमत्ता (उधमसिहनगर)। अपने मत के प्रति जागरुक करने एवं इवीएम मशीन में वोट डालने की सही जानकारी के लिए जिला निर्वाचन द्वारा उप तहसील तथा इसके अन्तर्गत आने वाले पोलिग बूथो पर लोगों की जागरुकता के लिये अलग अलग विभाग से प्रशिक्षित ट्रेनरो को तैनात कर इवीएम मशीनों से लोगों को वोट डालने एवं इवीएम मशीन की जानकारी से रुबरु कराया जा रहा है।

बताते चले की उप तहसील नानकमत्ता में जिला निर्वाचन द्वारा एक इवीएम मशीन को दिनाक 21 नवंबर 2026 से स्थापित किया गया है ताकि यहां उप तहसील में पहुंचने वाले किसानों एवं आम जनों को वोट डालने के दौरान ईवीएम मशीन की सही जानकारी न होने पर होने वाली परेशानियों को कम किया जा सके। इसके लिए जिला निर्वाचन द्वारा दो कर्मचारियों को यहां ईवीएम मशीन एवं उपकरणों के साथ



तैनात किया गया है ताकि यहां आने जाने वाले लोगों को ट्रेनरों द्वारा समय-समय पर होने वाले चुनाव में ईवीएम मशीन के प्रयोग की जानकारी के लिए प्रशिक्षित किया जा सके, यहां लोक निर्माण विभाग से अपर सहायक अभियंता ईश्वर जोशी तथा उनके सहयोगी आदर्श द्वारा उप तहसील नानकमत्ता में ईवीएम मशीन एवं उपकरणों की लोगों को जानकारी देकर अवगत कराया जा रहा है तथा वोट डालने की प्रक्रिया को पूरी तरह से समझाया जा रहा है। यहां ट्रेनरो द्वारा बताया गया कि तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पोलिंग बूथ पर इसी प्रकार से लोगों को इवीएम मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि भविष्य में होने वाले चुनाव के दौरान मतदाता को वोट डालने में किसी भी प्रकार की कठिनाई और परेशानी का सामना न करना पड़े। ट्रेनरो द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। गौरतलब रहे की वर्ष 2027 में उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव करने की तैयारी है जिसको लेकर चुनाव निर्वाचन आयोग पूरी तरह से सख्त हैं, ताकि निर्वाचन के समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सिविल जज ममता पंत ने पढ़ाया छात्र-छात्राओं को कानूनी पाठ

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में सुल्तानपुर पट्टी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रभारी प्रधानाचार्य भूपेंद्र बिष्ट की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, सिविल जज ममता पंत ने छात्र-छात्राओं को कानूनी पाठ पढ़ाकर नालसा (डॉन) स्कीम-2025 एवं राष्ट्रीय नालसा हैल्पलाइन नंबर 15100 की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची सिविल जज ममता पंत को शॉल ओढ़ाकर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सिविल जज ममता पंत ने बताया कि नालसा (DAWN - ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नवीगेशन फॉर ए ड्रग -फ्री इंडिया) योजना, 2025 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की एक पहल है, जिसका उद्देश्य नशा जागरूकता, निःशुल्क विधिक सहायता और पुनर्वास के माध्यम से नशामुक्त भारत का निर्माण करना है। यह योजना वर्ष 2015 की नशा उन्मूलन और पीड़ितों को विधिक सेवा योजना का अद्यतन (अपडेट) संस्करण है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों, अवैध तस्करी की रोकथाम और कानूनी परिणामों के प्रति समाज एवं युवाओं को जागरूक करना। इस योजना के तहत नशा पीड़ितों और उनके परिवारों को



निःशुल्क कानूनी मदद, परामर्श, स्वास्थ्य सहयोग और सामाजिक-आर्थिक पुनर्स्थापन में सहायता देना है। जमीनी स्तर पर मार्गदर्शन और सहायता के लिए विशेष इकाइयों का गठन किया जा रहा है, पैनल अधिवक्ताओं और पराविधिक कार्यकर्ता के माध्यम से कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही सिविल जज ममता पंत ने बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग या तस्करी से प्रभावित व्यक्ति, उनके परिवार, बच्चे, युवा, महिलाएं और संवेदनशील समुदाय। नालसा की डॉन यूनिट या विधिक सहायता से जुड़ी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। प्राविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शाहिद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी, इस मौके पर पराविधिक कार्यकर्ता गीता जोशी,रूना पारुल,सुनीता, अंजली, ब्रजबाला शर्मा,शशि गुप्ता ,निशा परवीन, इरम जावेद,गीता शर्मा, ममता शर्मा, संगीता, विक्की, शिवानी मौजूद रहे।

दूध के दाम 25 रुपये प्रति फैट करने की मांग



उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान पशुपालक और दुग्ध उत्पादक किसानों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उपजिलाधिकारी बाजपुर के माध्यम से ज्ञापन भेजकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में दूध का खरीद मूल्य 25 रुपये प्रति फैट निर्धारित करने, पिछले 11 माह से लंबित 4 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान करने तथा किसानों को दूध की धनराशि 8 से 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। किसानों ने उत्तराखंड में भारी मात्रा में बिक रहे नकली दूध पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पशुपालक आर्थिक तंगी के चलते पशुपालन छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक किसानों ने हस्ताक्षर कर मांगों का समर्थन किया है।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के दरबार पहुंचा देशज समाज

उत्तम भारत संवाददाता

रुद्रपुर। देशज समाज की लंबित समस्याओं और अधिकारों को लेकर देशज सर्वोदय सांस्कृतिक समिति ने 12 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा है। सोमवार को जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में नजूल भूमि पर बसे परिवारों को निशुल्क मालिकाना हक देने, बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने और ऊधम सिंह नगर में देशज भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। समिति की ओर से इन मांगों को लेकर 21 और 22 नवंबर को रुद्रपुर के टैगोर पार्क में दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन भी किया गया था। ज्ञापन में प्रीत विहार की सीलिंग भूमि पर बसे परिवारों को वैधता देने, जाति प्रमाण पत्र को आजीवन वैध



करने तथा स्थायी और मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में भेदभाव समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार में समान नीति, जनसंख्या के आधार पर निष्पक्ष परिसीमन, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वामी शिवानंद जी महाराज, अधिवक्ता जुगल बल्लभ गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि और महिलाएं मौजूद रहीं।

एम्स गुवाहाटी में शुरू हुईं हार्ट और गैस्ट्रो सर्जरी सेवाएं, पूर्वोत्तर के मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

उत्तम भारत संवाददाता

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर भारत में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एम्स गुवाहाटी ने महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। संस्थान में अब कार्डियक सर्जरी और गैस्ट्रो सर्जरी की सुविधाएं भी शुरू हो गई हैं। इससे असम सहित पूर्वोत्तर के मरीजों को हृदय और पाचन तंत्र से संबंधित जटिल बीमारियों के उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. बीकेएस संजय की अध्यक्षता में आयोजित इंस्टीट्यूट बॉडी की बैठक में संस्थान की प्रगति, चिकित्सा सेवाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत ढांचे और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यकारी निदेशक प्रो. अशोक



पुराणिक ने संस्थान की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक के बाद अध्यक्ष ने अस्पताल का निरीक्षण कर ओपीडी, आईपीडी, रोगी देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों की बढ़ती संख्या को संस्थान के प्रति भरोसे का संकेत बताया और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ. संजय ने आमजन से एम्स की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत सहित सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। परिसर में जन औषधि और अमृत फामेर्सी के माध्यम से सस्ती दवाइयां तथा मरीजों के तीमारदारों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी है।

हक हकूक जन जागरण अभियान को लेकर सुनीता टम्टा बाजवा ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर हक हकूक जन जागरण अभियान के तहत बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान सुनीता टम्टा बाजवा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर अभियान के उद्देश्यों और क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की।

सुनीता टम्टा बाजवा ने कहा कि बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकार, बाजपुर चीनी मिल, अपना खेत-अपनी मिट्टी-अपनी रेत सहित क्षेत्र के जनहित से जुड़े 13 प्रमुख मुद्दों को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को उनके अधिकारों और हक-हकूकों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि जब तक आम जनमानस अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा और अपने हकों के लिए एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएगा, तब तक सरकारों के लिए ये समस्याएं प्राथमिकता का विषय नहीं बनेंगी। जनता को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और जनप्रतिनिधियों से अपने सवालों के जवाब



मांगने चाहिए। उन्होंने कहा कि हक हकूक जन जागरण अभियान किसी एक व्यक्ति या वर्ग का नहीं, बल्कि बाजपुर के स्वाभिमान, सम्मान, विकास और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई है। अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें और बाजपुर के हक-हकूकों की इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस मौके पर मनजीत कौर, आरती देवी, कैलाशी देवी, कमलेश सैनी, सीमा, उर्मिला, शांति आदि थे।

देहरादून

बिंदुखत्ता में बनेगा एक हजार लोगों की क्षमता वाला भव्य सांस्कृतिक भवन: धामी

प्रहलाद सिंह मेहरा की स्मृति में स्कूल और स्टेडियम बनाने की घोषणा

उत्तम भारत संवाददाता

बिंदुखत्ता (लालकुआं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकथात सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में बिंदुखत्ता के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने क्षेत्र में एक हजार लोगों की क्षमता वाला भव्य सांस्कृतिक भवन बनाने तथा महान लोकगायक स्वर्गीय प्रहलाद सिंह मेहरा की स्मृति में उनके पैतृक गांव में स्कूल और स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य कराने का ऐलान किया।



मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रहलाद दा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रहलाद सिंह मेहरा ने अपने गीतों के माध्यम से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, सामाजिक चेतना और पहाड़ की भावनाओं को पहचान दिलाई। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी अपेक्षा है। सरकार इस दिशा में ठोस प्रशासनिक कार्रवाई कर रही है और केंद्र सरकार से लगातार संवाद किया जा रहा है। उन्होंने वनाधिकार समिति के प्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे पर चर्चा कर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया।

धामी ने बताया कि बिंदुखत्ता में करीब 30 करोड़ रुपये से बिजली की लाइनें, पोल और ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य चल रहा है, जबकि विद्युत व्यवस्था मजबूत करने के लिए 14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। नकायल में सात करोड़ और शेरनाला में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है। विजयपुर गौला पार में भी पुल निर्माण कार्य शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ लोकसंस्कृति और विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में लोक कलाकार नैन सिंह रावल, हास्य कलाकार मंगल सिंह चौहान और जीवन सिंह दानु को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

युवक की मौत पर बवाल, पिक्कर पैलेस बैरियर पर तीन घंटे जाम

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। लंढौर की सिविल रोड पर वाहन की टक्कर से 28 वर्षीय युवक की मौत के बाद रविवार को जमकर हंगामा हुआ। मृतक के परिजनों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर कुलड़ी चौकी के बाहर धरना दिया और पिक्कर पैलेस बैरियर पर जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक यातायात बाधित रहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



पुलिस के अनुसार, मृतक सतीश पुत्र जगदीश निवासी कुलड़ी सराय की शनिवार रात अपने परिचित सरजीत से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसके बाद सरजीत ने पिकअप वाहन (वड07 उऊ2926) से सतीश को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सतीश को लंढौर कम्युनिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी सरजीत को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

घटना के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को समाज के सामने पेश करने और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उनका आरोप था कि पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। सूचना पर पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी और सीओ जगदीश चंद्र पंत मौके पर पहुंचे। सीओ ने परिजनों को निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोल दिया।

जनता दर्शन में एडीएम ने सुनीं सात शिकायतें अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता

पौड़ी/श्रीनगर गढ़वाल। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी एफ.आर. चौहान की अध्यक्षता में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, पेयजल, बिजली और किसान पेंशन सहित विभिन्न समस्याएं उठाईं। कार्यक्रम में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं। एडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में सड़क निर्माण के दौरान भूमि संबंधी विवाद, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत, सार्वजनिक परिसंपत्तियों के रखरखाव, विद्युत पोल की सुरक्षित स्थापना और किसान पेंशन से जुड़े मामले सामने आए।



इस दौरान पूर्व में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एडीएम ने अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. वीके त्यागी, मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु कुकरेती जुयाल, जिला पर्यटन अधिकारी कमल किशोर जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर हरिद्वार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रात 12 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर धर्मनगरी हरिद्वार में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। 24 नवंबर को होने वाले स्नान पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र को दो सुपर जोन, 11 जोन और 36 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में ब्रीफिंग देकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। गंगा घाटों पर डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए जल पुलिस की तैनाती की गई है, जबकि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जाएगी।

रात 12 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

स्नान पर्व को देखते हुए 23 नवंबर की रात 12 बजे से स्नान समाप्ति तक हरिद्वार शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यातायात का दबाव बढ़ने पर भारी वाहनों को बॉर्डर पर ही रोक दिया जाएगा। दिल्ली, मेरठ और मुजफ्फरनगर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को निर्धारित मार्गों से बैरागी कैंप, बीएचईएल और ऋषिकुल मैदान की पार्किंग



में खड़ा कराया जाएगा।

यातायात का दबाव अधिक होने पर नगलाइमरती से वाहनों को लक्सर और फेरुपुर होते हुए बैरागी कैंप की ओर डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की ओर से आने वाले वाहनों का दबाव बढ़ने पर सहारनपुर, भगवानपुर, बिहारीगढ़ और मोहंड के रास्ते देहरादून-ऋषिकेश की ओर भेजने की व्यवस्था की गई है।

देहरादून और ऋषिकेश जाने वालों के लिए बदले मार्ग

मुरादाबाद और नजीबाबाद की ओर से आने वाले छोटे वाहनों को चिड़ियापुर, श्यामपुर और चंडीचौक होते हुए हरिद्वार पहुंचाया जाएगा। इन वाहनों के लिए नीलधारा और गौरीशंकर पार्किंग निर्धारित की गई है। वहीं, देहरादून और ऋषिकेश की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को नेपाली फार्म और रायवाला होते हुए लालजीवाला पार्किंग में भेजा जाएगा।

यातायात का दबाव बढ़ने पर देहरादून और ऋषिकेश जाने वाली निजी बसों का संचालन मोहंड मार्ग से किया जाएगा। जबकि चीला मार्ग का इस्तेमाल ऋषिकेश की ओर से आने वाले वाहनों की निकासी के लिए ही किया जाएगा।

ऑटो-विक्रम और ई-रिक्शा के संचालन पर भी पाबंदी

स्नान पर्व के दौरान शहर में ऑटो-विक्रम, ई-रिक्शा और ई-ऑटो के संचालन पर भी प्रतिबंध और डायवर्जन लागू रहेंगे। ललतारापुल से शिवमूर्ति तक ऑटो, विक्रम और टैक्सियों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। देवपुरा चौक से शिवमूर्ति चौक के अंदर ई-रिक्शा और ई-ऑटो के प्रवेश पर रोक रहेगी। यातायात का दबाव बढ़ने पर ऋषिकेश की ओर से आने वाले ऑटो-विक्रम जयराम मोड़ तक ही संचालित किए जाएंगे।

पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा पुलिस द्वारा जारी डायवर्जन प्लान के अनुसार ही आवागमन करने की अपील की है। प्रशासन का प्रयास है कि कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके।

पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने मसूरी से चुनाव लड़ने की ठोकी ताल

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने आगामी विधानसभा चुनाव में मसूरी सीट से चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व को अपना आवेदन सौंप दिया है। यदि जनता ने अवसर दिया तो मसूरी के समग्र विकास और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, उसका समर्थन करेंगे।



पत्रकारों से बातचीत में गुनसोला ने कहा कि मसूरी की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है, लेकिन जाम और बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दिल्ली से ढाई घंटे में पहुंचने वाले पर्यटकों को मसूरी पहुंचने में चार से पांच घंटे लग रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक गणेश जोशी पर पिछले 15 वर्षों में अपेक्षित विकास नहीं कराने का आरोप लगाया। उन्होंने उप जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों, तकनीशियनों और अन्य कर्मचारियों की कमी तथा करोड़ों रुपये की मशीनें बेकार पड़े होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। उन्होंने रोजगार, आईटीआई में ट्रेड शुरू करने और शिक्षा के क्षेत्र में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की कमी पर भी सवाल उठाए।

गुनसोला ने अपने विधायक कार्यकाल में आईटीआई, घनानंद राजकीय इंटर कॉलेज भवन और एमपीजी कॉलेज में बीकॉम व एमकॉम की कक्षाएं शुरू कराने सहित किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अवसर मिला तो अधूरे विकास कार्यों को पूरा कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

धामी सरकार के फैसले कांग्रेस को नहीं आ रहे नजर: महेंद्र भट्ट

लखपति दीदी योजना को बताया बड़ी उपलब्धि

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि धामी सरकार ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, लेकिन कांग्रेस को ये उपलब्धियां दिखाई नहीं दे रही हैं। लगता है कि कांग्रेस को दृष्टिदोष हो गया है।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बयान पर पलटवार करते हुए भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2.65 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख रुपये तक ब्याजमुक्त ऋण और एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत डेढ़ लाख रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। इस वर्ष जेंडर बजट में करीब 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भट्ट ने नंदा गौरा योजना, सशक्त बहना उत्सव योजना और महिला समूहों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देने जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि लोहाघाट में 256 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस का विरोध उसकी सोच को उजागर करता है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

26 नवंबर को संविधान दिवस पर राज्यपाल को सौंपे जाएंगे हस्ताक्षर वाले बैनर

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण और सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर रविवार को जेल रोड चौराहा, हीरानगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बमोरी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से आम जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और सरकार से पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग करने के लिए जागरूक किया गया।



अभियान में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेम पांडे सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम को समर्थन दिया।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि 26 नवंबर, संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में ब्लॉक स्तर पर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत एकत्रित सभी हस्ताक्षर राजभवन कूच के दौरान राज्यपाल को सौंपे जाएंगे। कांग्रेस जनता की आवाज और लोकतांत्रिक तरीके से उठाए जा रहे सवालों को संवैधानिक संस्थाओं तक पहुंचाना चाहती है। उन्होंने पिछली बार कांग्रेस नेताओं को राजभवन में प्रवेश नहीं दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सुनना और उसे सम्मान देना बेहद जरूरी है।

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विधायक ने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीतिक विरोध के लिए नहीं, बल्कि वास्तविक मुद्दों को जनता के सामने रखने के लिए संघर्ष कर रही है। कृषि मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रहे मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आरोप लगाने के बजाय सामने आए मामलों पर आवाज उठाई है। ₹210 करोड़ की संपत्ति से संबंधित आरोपों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आरोप कांग्रेस ने नहीं लगाए, बल्कि संबंधित मंत्री के पति द्वारा सार्वजनिक रूप से लगाए गए हैं। ऐसे गंभीर विषयों पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर विधायक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी संभालने वाली मंत्री स्वयं अपनी सुरक्षा को लेकर खतरे की बात कह रही हैं, तो प्रदेश की आम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और इन सवालों को लगातार उठाती रहेगी।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार आज प्रदेश की व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। कांग्रेस का यह हस्ताक्षर अभियान जनता को जागरूक करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक आवाज बुलंद करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों पर सड़क से लेकर संवैधानिक संस्थाओं तक संघर्ष जारी रखेंगे और जनता के अधिकारों के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेम पांडे ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर चलाया जा रहा यह अभियान आम जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट करने की पहल है। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव, वार्ड और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तभी प्रभावी होगी जब जनता जागरूक होकर अपनी आवाज उठाएगी। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के हस्ताक्षर राज्यपाल को सौंपना इस जनआंदोलन का महत्वपूर्ण चरण होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह अभियान केवल हस्ताक्षर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता की भागीदारी के साथ इसे प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर हेमंत बगड़वाल, हरीश मेहता, एन.बी. गुणवंत, शोभा बिष्ट, मधु सांगुड़ी, गुरप्रीत प्रिंस, पार्षद नीमा भट्ट, दीप चंद्र पाठक, मयंक भट्ट, हेम पांडे, सुहैल सिद्धिकी, विनय भट्ट, गोविंद बगड़वाल, कौशलेन्द्र भट्ट, मनोज भट्ट, महेशानंद, रिंकू बिष्ट, सीमा लोहमी, रत्ना श्रीवास्तव, मंजू पांडे, विमला सांगुडी, राजेंद्र उपाध्याय, रोहित सांगुडी, गिरजा तड़ागी, महेंद्र परिहार, जाकिर हुसैन, सालिम सिद्धिकी, सहित अनेक कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तराखंड की खनन नीति और ई-चेक गेट प्रणाली बनी दूसरे राज्यों के लिए मॉडल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की खनन नीति और डिजिटल तकनीक आधारित ई-चेक गेट प्रणाली को अब दूसरे राज्य भी अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ खनन विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारी प्रदेश की खनन व्यवस्था का अध्ययन करने देहरादून पहुंचे। उन्होंने भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में निदेशक राजपाल लेघा से मुलाकात कर खनन नीति और एमडीटीएसएस योजना के तहत संचालित ई-चेक गेट प्रणाली की जानकारी ली।



छत्तीसगढ़ के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार मिश्रा, भूपेन्द्र कुमार और खान निरीक्षक राजू यादव ने खनन गतिविधियों की डिजिटल निगरानी, पारदर्शिता और राजस्व नियंत्रण से जुड़े पहलुओं को समझा। अधिकारियों ने ई-चेक गेटों का मौके पर निरीक्षण कर उनकी तकनीकी कार्यप्रणाली और उपयोगिता का भी जायजा लिया। अधिकारियों को बताया गया कि इस तकनीक से खनन परिवहन की निगरानी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण में मदद मिल रही है। इससे पहले उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के अधिकारी भी उत्तराखंड की खनन व्यवस्था का अध्ययन कर चुके हैं। इस अवसर पर खान अधिकारी ताजबर नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गुणानंद खंडूड़ी और आईटीआई कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

टपूवा-बबियाड़ मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण पर खर्च होंगे 73 लाख रुपये, जल्द मिलेगी स्वीकृति

उत्तम भारत संवाददाता

भीमताल। भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भूस्खलन से क्षतिग्रस्त टपूवाझबबियाड़ मोटर मार्ग का जल्द पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए करीब 73 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत होने जा रही है। कैबिनेट मंत्री एवं भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि सड़क के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण के लिए शासन स्तर पर वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही धनराशि जारी होने की उम्मीद है।



मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बताया कि उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कैड़ा ने कहा कि कुछ लोग ऐसे विकास कार्यों पर भी राजनीति कर रहे हैं, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया शासन स्तर पर चल रही है। विपक्ष को जनता को गुमराह करने के बजाय विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

छह माह तक नहीं बदले बिजली के पोल, डीएम ने लगाई फटकार

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में जनसमस्याओं के निस्तारण में विभागीय लापरवाही सामने आई। छह माह से विद्युत पोल बदलने की शिकायत लंबित रहने पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने यूपीसीएल अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्टीकरण तलब करते हुए दोनों पोल तत्काल बदलने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 103 शिकायतें दर्ज हुईं। डीएम ने मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन पर 180 दिन से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से जवाब मांगा। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर निस्तारण की स्थिति भी जानी। साथ ही चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में जाखन निवासी 76 वर्षीय गोविंद राम शाह ने बेटे पर मकान कब्जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। डीएम ने एसडीएम सदर को भरण-पोषण अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। टीबी मरीज को दून अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाने की शिकायत पर सीएमओ को तत्काल उपचार शुरू कराने को कहा गया। वहीं, प्रेमनगर निवासी शीला देवी की पति की दुर्घटना में मृत्यु के बाद क्लेम नहीं मिलने की शिकायत पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मन्नूगंज निवासी जसवीर कौर ने बेटी की दिसंबर में होने वाली शादी के लिए आर्थिक सहायता मांगी। डीएम ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, बिजली मीटर और आर्थिक सहायता से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भूमि कब्जे और धोखाधड़ी के मामले भी समाधान दिवस में उठे। ग्राम क्यारी की प्रभा नौटियाल और एकता विहार की बीरा पंवार ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की।

उत्तराखंड में खत्म होगी खाद की ई-टोकन व्यवस्था, पुरानी प्रणाली से मिलेगा उर्वरक

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के किसानों को खाद के लिए अब ई-टोकन की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। प्रदेश में लागू नई ई-टोकन व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की भांति पुरानी प्रणाली से खाद वितरण का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से जल्द आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा।

दरअसल, ई-टोकन व्यवस्था लागू होने के बाद किसानों को खाद प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रबी सीजन में किसानों की परेशानी को देखते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री से वार्ता कर पत्र के माध्यम से पुरानी व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया था।

इससे पहले कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पंतनगर में कृषि मंत्री से मुलाकात कर ई-टोकन व्यवस्था से हो रही समस्याओं को उठाया था।



केंद्रीय कृषि मंत्री की सहमति पर गणेश जोशी ने आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। नई व्यवस्था समाप्त होने से रबी सीजन में किसानों को खाद प्राप्त करने में राहत मिलेगी।

जनगणना में जागरूकता के वाहक बनेंगे विद्यार्थी 1600 से अधिक छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत देहरादून के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1600 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया समझाई गई।



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सौड़ा सरोली, थानो, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश और राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल में आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ट्रेनर गिरीश थपलियाल तथा फील्ड ट्रेनर द्वारिका प्रसाद पुरोहित और डॉ. मनोज शुक्ला ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण और परिवार का विवरण दर्ज करने की जानकारी दी। विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों और आसपास के लोगों को भी स्वगणना के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश प्रसाद सेमवाल ने भी स्वगणना प्रक्रिया पूरी कर प्रदेशवासियों से जनगणना में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से प्रश्न संख्या-14 में मातृभाषा का सही उल्लेख करने पर जोर देते हुए गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी सहित स्थानीय भाषाओं को दर्ज कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनगणना में सही जानकारी दर्ज होने से स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रेस क्लब के लिए भूमि और भवन की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंची

मुख्यमंत्री ने दिया सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। पहाड़ की जनसमस्याओं को चार दशकों से अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज दे रहे श्रीनगर के पत्रकारों ने अब अपने लिए स्थायी प्रेस क्लब भवन की मांग उठाई है। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के पौड़ी जिलाध्यक्ष देवेंद्र गौड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर श्रीनगर प्रेस क्लब के लिए भूमि आवंटित करने और भवन निर्माण हेतु बजट स्वीकृत करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि श्रीनगर क्षेत्र के पत्रकार लंबे समय से नगर सहित दूरस्थ पर्वतीय गांवों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और जनहित से जुड़ी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते आ रहे हैं। इसके बावजूद प्रेस



क्लब के पास अपना भवन और भूमि नहीं है। इससे पत्रकारों को बैठकें, संगठनात्मक गतिविधियां और अन्य कार्य संचालित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

देवेंद्र गौड़ ने श्रीनगर में उपयुक्त स्थान पर प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ तहसील स्तर पर सक्रिय और निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों को नियमानुसार मान्यता देने की मांग भी उठाई। ज्ञापन पर मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराने और भवन निर्माण के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इससे क्षेत्रीय पत्रकारों में वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

श्रीनगर-दिल्ली एसी मिनी बस सेवा शुरू कैबिनेट मंत्री ने दी विकास कार्यों की सौगात

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रीनगर से दिल्ली के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम की एसी मिनी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सेवा से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को दिल्ली तक आरामदायक परिवहन सुविधा मिलेगी। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में भोजन माताओं को सम्मानित कर आवश्यक सामग्री की किट वितरित की गई। डॉ. रावत ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में भोजन माताओं का योगदान सराहनीय है।

26 नवंबर से भाजपा का मिशन-2027 शुरू चुनाव कार्यालय से बजेगा चुनावी बिगुल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा 26 नवंबर से मिशन-2027 का औपचारिक आगाज करने जा रही है। इस दिन चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा और धामी सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जारी होगा। पार्टी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को चुनावी अभियान का प्रमुख आधार बनाएगी।



भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट कार्ड में विकास कार्यों, रोजगार, पर्यटन, महिला सशक्तीकरण, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रमुखता दी जाएगी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी), नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जैसे फैसलों को भी जनता के सामने रखा जाएगा।

दीप्ति रावत ने कहा कि चुनाव कार्यालय आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों का प्रमुख केंद्र बनेगा। पार्टी बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगी।

खनन प्रभावित क्षेत्रों में 3.85 करोड़ से होंगे 25 विकास कार्य

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से 3.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सोमवार को जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शासी परिषद की बैठक में 25 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई।

स्वीकृत कार्यों में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के 19 कार्यों पर 2.72 करोड़ रुपये तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के छह कार्यों पर 1.13 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में न्यास निधि से प्राप्त आय और अब तक किए गए व्यय की भी समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि निधि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों



को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और कौशल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे कराने और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमित निगरानी के साथ जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और AI के उपयोग पर मंथन

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को शिक्षा की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग को लेकर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्विट्जरलैंड की स्विस डिस्टेंस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज की विशेषज्ञ डॉ. लुसिन म्कर्त्यान ने गुणवत्ता आश्वासन की अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

उन्होंने शिक्षण, अनुसंधान और मूल्यांकन में गुणवत्ता सुधार के लिए ढउछअ चक्र, नियमित मूल्यांकन और अकआधारित शिक्षण तकनीकों की उपयोगिता बताई। साथ ही विद्यार्थियों



और शिक्षकों को अकसाक्षरता तथा डिजिटल शिक्षण उपकरणों का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को केवल परिणाम आधारित मूल्यांकन तक सीमित न रहकर प्रभाव आधारित आकलन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इसके लिए डेटा आधारित मूल्यांकन, शैक्षणिक कार्यक्रमों की समीक्षा और परीक्षा प्रणाली में सुधार जरूरी है।

उन्होंने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में अक के प्रभावी उपयोग, शिक्षा को कौशल और रोजगार से जोड़ने तथा वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक साझेदारी विकसित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापक, निदेशक और सहायक प्राध्यापक मौजूद रहे।

गुरु रविदास जयंती की 650वीं वर्षगांठ पर समरसता यात्रा आज पहुंचेगी उत्तराखंड

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही अखिल भारतीय समरसता यात्रा मंगलवार को उत्तराखंड पहुंचेगी। प्रदेश में प्रवेश पर विकासनगर के कुल्हाल गेट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार होते हुए रुड़की के धनौरी पहुंचेगी, जहां विशाल जनसभा आयोजित होगी।



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर घुनियाल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा कुल्हाल गेट से हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, झाझरा, प्रेमनगर और देहरादून होते हुए आगे बढ़ेगी। इसके बाद माजरी ग्रांट, हरावाला, नेपाली फार्म, ऋषिकेश और हरिद्वार से गुजरकर धनौरी पहुंचेगी।

धनौरी में आयोजित जनसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवेश कुमार राम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। घुनियाल ने प्रदेशवासियों से यात्रा के स्वागत में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी के विचार आज भी सामाजिक एकता और भेदभावमुक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। प्रेस वार्ता में पार्टी और मोर्चे के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

चम्पावत को 165.68 करोड़ की 54 विकास योजनाओं की सौगात

सीएम धामी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चम्पावत जिले को 165.68 करोड़ रुपये की 54 विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 21 योजनाओं का लोकार्पण और 33 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाले पांच लाभार्थियों को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से जिले में सड़क, पेयजल, जल निकासी, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। टनकपुर और बनबसा में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 86.83 करोड़ रुपये की जल निकासी योजना तैयार की गई है। इसके तहत टनकपुर में 21 किलोमीटर से अधिक और बनबसा में 7.7 किलोमीटर लंबी जल



निकासी व्यवस्था विकसित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि टनकपुर में 237.74 करोड़ रुपये से आधुनिक अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण और शारदा कॉरिडोर के तहत शारदा घाट के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। मां पूर्णागिरि धाम में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे बनाया जा रहा है, जबकि किरोड़ा नाले पर पुल निर्माण के लिए 48.38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोहाघाट में 256.97 करोड़ रुपये की लागत से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, 55.53 करोड़ रुपये से साइंस सेंटर और करीब 20 करोड़ रुपये से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जा रहा है। बनबसा में 502 करोड़ रुपये की लैंड पोर्ट परियोजना से व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, महिला बकरी पालन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि कवच और स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लाभार्थियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य चम्पावत को आदर्श जनपद के रूप में विकसित करना और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

हरिद्वार कार्यसमिति की सफलता से भाजपा ने दिखाई संगठनात्मक ताकत

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। हरिद्वार में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की सफलता पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने बताया कि करीब 890 प्रतिनिधियों की सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और अनुशासन ने संगठन की मजबूती का परिचय



दिया। भाजपा मुख्यालय में बातचीत के दौरान परिहार ने कहा कि कार्यसमिति में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज सहित वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला। राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का विश्वास जताते हुए कार्यकर्ताओं से बड़े जनादेश के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा राजनीतिक एवं आर्थिक प्रस्तावों पर मंथन किया गया।

परिहार ने कहा कि हरिद्वार कार्यसमिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भरी है। अब संगठन का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक जिले, विधानसभा और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर 11 जोन और 36 सेक्टरों में बंटा मेला क्षेत्र

हरिद्वार (एजेंसी)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए हरिद्वार पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। स्नान पर्व पर हरकी पैड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को दो सुपर जोन, 11 जोन और 36 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी, जबकि संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय किया गया है।

सोमवार को एसपी सिटी दीपक कुमार और एसपी देहात अभय कुमार ने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में ऋषिकुल ऑडिटोरियम में स्नान पर्व की ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ किया।

बैणी-भुली योजना की पहली किस्त दिसंबर अंत तक

युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की तैयारी



देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड सरकार की बैणी-भुली योजना के तहत प्रदेश की 5.23 लाख महिलाओं को आर्थिक गतिविधियां शुरू करने के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना की पहली किस्त दिसंबर 2026 के अंत तक सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी, जबकि दूसरी किस्त विधानसभा चुनाव के बाद जारी होगी। सरकार इसे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए शुरूआती पूंजी उपलब्ध कराने की पहल बता रही है। वहीं, बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 23 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की तैयारी है।

ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी ने सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित अपने शासकीय आवास पर पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नौ नवंबर को गैरसैंण से बैणी-भुली योजना का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को शुरूआती पूंजी और मार्जिन मनी के अभाव में स्वरोजगार के अवसरों से वंचित होने से बचाना है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत करीब 5.23 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। पहली किस्त दिसंबर के अंत तक जारी होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं इस धनराशि का उपयोग अपनी आजीविका और आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए कर सकेंगी।

ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले 23 हजार युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसमें प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनके प्लेसमेंट की व्यवस्था भी की जाएगी।

कहा कि प्लेसमेंट एजेंसियों को भुगतान तभी किया जाएगा, जब उनके माध्यम से नियुक्त युवाओं की नौकरी के छह महीने पूरे हो जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि प्रशिक्षण के साथ युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाए। योजना को चुनाव से पहले महिलाओं को लुभाने की कोशिश और दिखावे की पहल बताए जाने संबंधी सवाल पर मंत्री चौधरी ने कहा कि दिसंबर तक पता चल जाएगा कि योजना दिखावे की है या नहीं। उन्होंने दावा किया कि सरकार अब तक 3.19 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बना चुकी है। उनका कहना था कि यदि सरकार पहले से महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए काम नहीं कर रही होती तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं लखपति दीदी नहीं बन पातीं।

दूसरी किस्त चुनाव के बाद जारी किए जाने के सवाल पर चौधरी ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव में अपनी योजनाओं और कामों का लाभ लेने का प्रयास करते हैं। पहले भी ऐसी योजनाओं के अच्छे परिणाम मिले हैं तो उन्हें दोहराने में क्या गलत है। सफल योजनाओं को आगे बढ़ाना स्वाभाविक है। विपक्ष का काम सवाल उठाना है और वह अगले 20 साल तक भी सवाल उठाता रहे तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। भाजपा के चुनावी आत्मविश्वास पर उन्होंने कहा कि विकास का आत्मविश्वास है। ओवर कॉन्फिडेंस तो कांग्रेस को है। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को अच्छे परिणाम मिलने पर कहा कि बिहार और महाराष्ट्र से भी बेहतर चुनावी परिणाम आने की उम्मीद जताई।

शिक्षकों को पहले स्वयं नैतिकता का पालन करना चाहिए तभी विद्यार्थियों को दे सकेंगे संस्कारः गणेश जोशी



हरिद्वार (एजेंसी)। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए शिक्षकों को स्वयं नैतिक मूल्यों और आदर्शों का पालन करना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की सीख देनी चाहिए। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सुधार की शुरूआत स्वयं से करनी होगी। शिक्षक जब अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करेंगे, तभी विद्यार्थी उनसे प्रेरणा लेकर बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दे सकेंगे।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी हरिओम सरस्वती पीजी कॉलेज, धनौरी के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना और उसके विकास में स्वर्गीय शिक्षाविद् डॉ. तेजवीर सिंह सैनी के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में कभी शिक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं थे, वहां डॉ. सैनी ने शिक्षा की अलख जगाने का सराहनीय कार्य किया। उनके द्वारा लगाया गया शिक्षा का पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है। उनकी दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आज क्षेत्र में अनेक शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं।

महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने कहा कि हरिओम सरस्वती महाविद्यालय सहित क्षेत्र की कई शिक्षण संस्थाएं स्वर्गीय डॉ. तेजवीर सिंह सैनी के सपनों को साकार करने में जुटी हैं। प्राचार्य डॉ. मुनेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि छह जुलाई 2019 को उनका निधन परिवार और संस्थान के लिए अपूरणीय क्षति थी। उनके द्वारा स्थापित संस्थान आज भी उनके विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं।

इससे पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुणिमा पांडे ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंजली देवी ने आभार जताया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. हर्ष सैनी और सचिव डॉ. आदित्य सैनी ने मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अंजली गौड़, डॉ. निशा रानी, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. प्रदीप सैनी, डॉ. संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

नार्को टेस्ट के लिए गुजरात रवाना हुए पूर्व विधायक सुरेश राठौर, आज होगा उनका टेस्ट

हरिद्वार (एजेंसी)। अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच के बीच पूर्व विधायक सुरेश राठौर नार्को टेस्ट कराने के लिए गुजरात के गांधीनगर रवाना हो गए हैं। उनका नार्को टेस्ट 24 नवंबर को निर्धारित है। राठौर ने सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करने की बात कहते हुए कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए वह जांच एजेंसी के साथ हर स्तर पर सहयोग करेंगे। सोमवार को गांधीनगर रवाना होने से पहले सुरेश राठौर ने बयान जारी कर बताया कि उन्हें सीबीआई का नोटिस प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई की ओर से की जा रही जांच को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। वह जांच प्रक्रिया में अपना पक्ष रखने और एजेंसी को आवश्यक जानकारी देने के लिए तैयार हैं।

राठौर ने कहा कि वह नार्को टेस्ट के लिए गांधीनगर जा रहे हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत 24 नवंबर को उनका टेस्ट होगा। उल्लेखनीय है कि अंकिता भंडारी प्रकरण में उठे सवालों के बीच उत्तराखंड सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इसके बाद सीबीआई ने मामले की जांच शुरू करते हुए संबंधित लोगों से पूछताछ की है।

इससे पहले सीबीआई की टीम हरिद्वार पहुंचकर पूर्व विधायक सुरेश राठौर से पूछताछ कर चुकी है। वहीं अभिनेत्री उर्मिला सनावर से भी जांच एजेंसी ने जानकारी जुटाई थी। जेल से बाहर आने के बाद उर्मिला सनावर ने देहरादून में सीबीआई के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए थे। अब दोनों के नार्को टेस्ट को लेकर जांच आगे बढ़ रही है।

दरअसल, अंकिता भंडारी प्रकरण से जुड़े कुछ ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इनमें सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के बीच बातचीत होने का दावा किया गया था। ऑडियो में कथित तौर पर मामले से जुड़ी कुछ बातें सामने आने के बाद प्रदेश से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। इस प्रकरण को लेकर उर्मिला सनावर और सुरेश राठौर के खिलाफ हरिद्वार और देहरादून में मुकदमे भी दर्ज कराए गए थे।

अब 24 नवंबर को गांधीनगर में होने वाले नार्को टेस्ट और सीबीआई की आगे की जांच पर सबकी नजरें टिकी हैं।

जनसुनवाई में 49 शिकायतें दर्ज, 28 का निस्तारण

हरिद्वार (एजेंसी)। जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 49 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 28 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजा गया।



जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, बिजली, अतिक्रमण, जलभराव, पेयजल और राशन कार्ड समेत विभिन्न समस्याएं उठाई गईं। गेण्डीखाता निवासी वन गुर्जर बजीर अली ने डेरों के आसपास सोलर लाइट लगवाने की मांग की। वहीं, बाबूराम सैनी ने ग्राम गुम्मावाला स्थित सरकारी नलकूप संख्या 99-जी को स्थानांतरित कर दूसरे स्थान पर स्थापित कराने का अनुरोध किया।

तेजेंद्र सिंह ने ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में मारुति शोरूम के निकट पार्क और सर्विस रोड पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने तथा असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग उठाई। ग्राम कुतुबपुर निवासी यशपाल सिंह, दाताराम, सचिन कुमार, रामकुमार और राव मुन्तवीर ने खेतों से आबादी का गंदा पानी, गोबर और कूड़ा गुजरने के कारण फसलें खराब होने की शिकायत की। उन्होंने समस्या का समाधान कराने की मांग की।

रोहालकी किशनपुर निवासी मनोज कुमार ने ग्राम पंचायत में सिंचाई एवं राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज रास्ते के खसरा नंबर 250, 249 और 294 से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। वहीं, इक्कड़ खुर्द निवासी मोहम्मद जाकिर ने अपने घर से अकील के घर तक करीब 100 फुट सड़क बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण की आवश्यकता है, उनमें संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन की 870 शिकायतें लंबित

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा। समीक्षा में एल-1 स्तर पर 686 और एल-2 स्तर पर 184 शिकायतें लंबित पाई गईं। इस प्रकार कुल 870 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके सिंह, एसडीएम नीतू डांगर, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार पंत, जीएम डीआईसी उत्तम कुमार तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महेश कुमार बिश्नोई, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, परियोजना निदेशक उरेडा वाईएस बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और फरियादी मौजूद रहे।

पीपीजे की संस्कृत की साधना से राष्ट्रीय खेल मंच तक दोहरी उपलब्धि



नैनीताल (एजेंसी)। पीपीजे यानी पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय नैनीताल के विद्यार्थियों ने संस्कृत और खेल के क्षेत्र में दोहरी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय के साथ नैनीताल जनपद का गौरव बढ़ाया है। एक ओर विद्यार्थियों को राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, वहीं दूसरी ओर मंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया है। मंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने देशभर की टीमों के बीच उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, तालमेल और संघर्षशीलता का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विद्यालय की खेल परंपरा और खिलाड़ियों के परिश्रम को दर्शाती है।

वहीं उत्तराखंड संस्कृत संस्थान हरिद्वार की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें राज्यस्तर पर नैनीताल जनपद का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

इसे विद्यार्थियों की निरंतर साधना, संस्कृत के प्रति समर्पण और आचार्यों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया गया।

सोमवार को विद्यालय में वंदना सत्र में राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं स्कृत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश एवं शैक्षिक प्रभारी श्री उमेश शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

पतंजलि विश्वविद्यालय ने मनाया 9वां राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस

हरिद्वार (एजेंसी)। पतंजलि विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (एफएनवाईएस) की ओर से नौवां राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ह्यप्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वस्थ भारतह्न रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वस्तिवाचन और पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रति-कुलपति साध्वी डॉ. देवप्रिया ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. बीटी चिदानंद मूर्ति ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और वर्तमान स्वास्थ्य परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर विचार रखे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में भूमि गोयल एवं योजा विजयवार के समूह ने प्रथम, देवांशी ने द्वितीय तथा आंचल, सुमति एवं प्रगति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सबूरी (डीएनवाईटी) प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय और दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम ह्यसेपियंसह्न ने प्रथम, ह्यवाइटलिक्सह्न ने द्वितीय और ह्यअचीवर्सह्न ने तृतीय स्थान हासिल किया।



विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत प्राकृतिक चिकित्सा विषयक सांस्कृतिक नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में प्राकृतिक चिकित्सा, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता शर्मा ने किया। समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. सिद्धार्थ यादव ने निभाई, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फैकल्टी के विभागाध्यक्ष डॉ. नागराज ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत फैकल्टी के डीन डॉ. एनएस गणेश अय्यर ने किया।

इस अवसर पर स्वामी अर्शदेव, स्वामी आर्यदेव, डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. सत्येंद्र मित्तल, डॉ. ऋत्विक सहाय बिसारिया, डॉ. एके सिंह, डॉ. कृष्ण चांडक, डॉ. वीके कटियार, डॉ. सांवर सिंह सहित विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कनखल में दो मोबाइल झपट्टामार गिरफ्तार, छीने गए फोन और चोरी की बाइक बरामद

हरिद्वार (एजेंसी)। कनखल पुलिस ने मोबाइल झपट्टामारी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से महिलाओं से छीने गए दो मोबाइल फोन और वेलकम फार्म, जगजीतपुर से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी पहले भी कनखल और ज्वालापुर क्षेत्र में झपट्टामारी, लूट और चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर को मंगलमूर्ति कॉलोनी और जमालपुर क्षेत्र में बाइक सवार दो आरोपियों ने अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं के मोबाइल फोन छीन लिए थे। पीड़िताओं शालिनी और रेनू की तहरीर पर कनखल कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटनाओं के खुलासे के लिए एसएसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कनखल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ सुरागरसी और पतारसी की। 23 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने माया विहार स्थित आम के बाग के पास निमार्णाधीन सड़क के अंडरपास से दो संदिग्धों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आईएमईआई नंबरों का मिलान करने पर दोनों फोन शालिनी और रेनू से छीने गए मोबाइल निकले। वहीं, मोटरसाइकिल के इंजन और चेसिस नंबर की जांच में उसके वेलकम फार्म, जगजीतपुर से चोरी होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर उनका चालान कर दिया है। आरोपितों के नाम पते सावेज पुत्र मर्तजिम, निवासी गाडोवाली, टावर वाली गली, थाना पथरी व दानिश पुत्र कय्यूम, निवासी गाडोवाली, काली बस्ती, थाना पथरी, हरिद्वार बताए गए।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली भव्य प्रभात फेरी, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

हरिद्वार (एजेंसी)। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को धर्मनगरी के विभिन्न गुरुद्वारों की ओर से प्रभात फेरियां निकाली गईं। इनमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु नानक देव के प्रति श्रद्धा प्रकट की। निर्मल संतपुरा गुरुद्वारे की ओर से विशाल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी और पंज प्यारे विशेष आकर्षण रहे। प्रभात फेरी का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। सोमवार को प्रभात फेरी प्रेमनगर पुल स्थित गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी धरना स्थल से शुरू हुई। इसके बाद प्रेमनगर चौक, कृष्णा नगर, दादूबाग और कनखल चौक बाजार होते हुए गुरु अमरदास गुरुद्वारे पहुंची। यहां विधिवत अरदास की गई। इस अवसर पर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि गुरु नानक देव ने मानव समाज को अज्ञानता से दूर कर सत्य और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनके बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने विश्व को भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। साथ ही लंगर सेवा के माध्यम से समानता की भावना को मजबूत किया, जहां सभी धर्मों और जातियों के लोग एक साथ बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रभात फेरी में संत तरलोचन सिंह, सुखदीप सिंह, ज्ञानी पंकज सिंह, सहदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह बिट्टू, अमरजीत कौर, सरबजीत कौर, अपनिंदर कौर, सुमन शर्मा, नैनी महेंद्रू, बीना चिटकरिया, प्रीतम सिंह, इंद्रजीत सिंह, महिपाल सिंह, परमिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, मनिंदर सिंह, हरजीत सिंह, रोहताश सिंह और गुरविंदर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।



गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज, सुरजननगर-जयनगर मुरादाबाद की प्रबंध कारिणी समिति का चुनाव कार्यक्रम

निर्वाचन कार्यक्रम

01.12.2026- मतदाता सूची का प्रकाशन स्मारक डिग्री लेबल सुरजननगर-जयनगर के सभागार के नोटिस बोर्ड पर प्रातः 08:00 बजे।
01.12.2026-मतदाता सूची पर आपत्तियां प्राप्त करना व उसका निस्तारण अपराहन 02.00 बजे से सायं 04:00 बजे तक।
01.12.2026- सायं 04:00 बजे अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन।
01.12.2026- सायं 04:00 बजे से चुनाव अधिकारी नामांकन पत्र प्राप्त करना तथा पत्र भरकर सायं 06:00 बजे तक निर्वाचन अधिकारी को जमा करना।
02.12.2026- नामांकन पत्रों की जांच एतराज एवं निर्णय प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक।
02.12.2026- नाम वापसी प्रातः 10:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक।
02.12.2026- चुनावी प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन प्रातः 11:30 बजे तक।
02.12.2026- चुनाव चिन्हों का आवंटन प्रातः 11:30 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक (यदि आवश्यक हो तो)।
02.12.2026- मतदान अपराहन 12:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक (यदि आवश्यक हो तो)।
02.12.2026- मतगणना व चुनाव परिणाम की घोषणा सांय 04.00 बजे तक।
02.12.2026- पदाधिकारियों का चुनाव व परिणाम की घोषणा सांय 04.00 बजे तक।
नामांकन शुल्क- 1000 रु0 प्रति नामांकन।
नोटः- पद चुनाव में 1- अध्यक्ष, 1- उपाध्यक्ष, 1-मंत्री, 1 प्रबंधक, 1 कोषाध्यक्ष, 2-सदस्य हेतु चुनाव होना है।

निर्वाचन कार्यालय व स्थल-सभागार भवन गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजननगर-जयनगर, मुरादाबाद।

हरपाल सिंह (चुनाव अधिकारी) गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर-जयनगर, मुरादाबाद।

सम्पादकीय

राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं संस्कारवान नागरिक

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सीमाओं, विशाल भूभाग, आर्थिक संपन्नता और सैन्य शक्ति से नहीं होती, बल्कि उसकी वास्तविक पहचान वहां के नागरिकों के चरित्र, संस्कार, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता से बनती है। देश का संविधान शासन व्यवस्था को दिशा देता है, लेकिन राष्ट्र की आत्मा उसके नागरिकों में बसती है। संविधान, लोकतंत्र और प्रशासन तभी मजबूत बन सकते हैं, जब देशवासियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव हो। राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या राजनीतिक दलों का दायित्व नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की समान भागीदारी आवश्यक है। जिस देश का नागरिक अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझता है, उस देश की प्रगति को कोई शक्ति रोक नहीं सकती। भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष किया। असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को आंदोलन की ताकत बनाया, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देशी रियासतों का एकीकरण किया। सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और अनेक क्रांतिकारियों का त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने स्वतंत्रता को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि देश की जनता को सम्मानजनक जीवन देने का संकल्प माना था। आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता संग्राम के उन आदर्शों को केवल समारोहों और भाषणों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आचरण में उतारें।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्ता का परिवर्तन जनता के मत से शांतिपूर्ण तरीके से होता है। चुनाव में हार और जीत लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन जब राजनीतिक स्वार्थ राष्ट्रीय हित से बड़ा हो जाता है, तब लोकतांत्रिक मर्यादाओं को नुकसान पहुंचता है। दल बदल, पद और धन का लालच, समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश तथा राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सत्ता किसी भी दल के हाथ में हो, उसकी प्राथमिकता राष्ट्रहित और जनकल्याण होना चाहिए। राजनीतिक नेतृत्व का मूल्यांकन केवल चुनावी जीत से नहीं, बल्कि उसके कार्यों, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से होना चाहिए।

राष्ट्र की मजबूती का वास्तविक आधार उसकी युवा पीढ़ी है। आज भारत के पास बड़ी युवा आबादी, तकनीकी क्षमता और प्रतिभाशाली मानव संसाधन है। यह देश के लिए बड़ी संभावना है, लेकिन इस शक्ति को सही दिशा देना भी उतना ही जरूरी है। युवाओं को केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने वाला, समाज की समस्याओं को समझने वाला और देश के विकास में योगदान देने वाला नागरिक बनना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा ऐसी हो, जो व्यक्ति में विवेक, अनुशासन, संवेदनशीलता, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करे।

विद्यालयों और परिवारों की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक जीवन के संस्कार भी मिलने चाहिए। उन्हें बड़ों का सम्मान, महिलाओं के प्रति आदर, जरूरतमंदों की सहायता, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और कानून के प्रति सम्मान सिखाया जाना चाहिए। आज सोशल मीडिया और बदलती जीवनशैली के बीच बच्चों का मानसिक संसार तेजी से प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में अभिभावकों और शिक्षकों को केवल उपदेश देने के बजाय अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करना होगा।

बिहार की बदलती तस्वीर विकास की नई राह पर आगे बढ़ता राज्य

कांतिलाल मांडोत

बिहार का नाम आते ही कभी राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन और बदहाल व्यवस्था की चर्चा होने लगती थी। एक समय ऐसा भी था जब बिहार की पहचान विकास की संभावनाओं से अधिक राजनीतिक विवादों और कानून व्यवस्था की चुनौतियों के कारण बनती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य की तस्वीर बदलने के प्रयासों ने विकास की एक नई उम्मीद पैदा की है। सड़क, बिजली, पुल, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे काम इस बात का संकेत हैं कि बिहार अब अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 21 नवंबर को वैशाली दौरा और लगभग 34,470 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास इसी बदलती सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

बिहार की प्रगति को केवल राजनीतिक नारों के आधार पर नहीं परखा जा सकता। इसके लिए जमीन पर दिखाई देने वाले बदलावों को समझना जरूरी है।



गंगा नदी पर बना नीतीश सेतु इसका बड़ा उदाहरण है। लगभग 4,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 19.7 किलोमीटर लंबी छह लेन की यह परियोजना पटना और वैशाली के बीच आवागमन को आसान बनाएगी। इससे राघोपुर दियारा के लाखों लोगों को बारहमासी सड़क संपर्क मिलेगा। पहले जिन लोगों को नाव और पीपा पुल के सहारे आवागमन करना पड़ता था, उन्हें अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। किसानों के लिए अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह केवल एक पुल नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आर्थिक संपर्क मजबूत करने वाला माध्यम है।

बिहार की बदलती तस्वीर में बिजली क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बक्सर के चौसा ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी 660 मेगावाट इकाई राष्ट्र को समर्पित की गई है। पीरपैंती बिजली परियोजना के लिए पारेषण व्यवस्था और नवादा के फुलवरिया बांध पर तैरता सौर ऊर्जा संयंत्र भी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए 1,130 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और किसानों को सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली देने की योजना कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है। हालांकि इन योजनाओं की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बिजली गांवों और खेतों तक नियमित रूप से पहुंचती है या नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में निवेश और विकास की चर्चा करते हुए पुरानी राजनीतिक व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले बिहार घोटालों के कारण चर्चा में रहता था, जबकि अब निवेश और विकास परियोजनाओं की बात होती है। इस राजनीतिक टिप्पणी के पीछे एक महत्वपूर्ण सवाल भी है कि क्या बिहार वास्तव में अपनी पुरानी आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकल रहा है? इसका उत्तर अभी पूरी तरह हां में देना जल्दबाजी होगी, लेकिन बुनियादी ढांचे में निवेश, सड़क संपर्क और बिजली उत्पादन में विस्तार सकारात्मक संकेत अवश्य हैं।

बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार और युवाओं का पलायन रोकने की है। प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया को केवल विश्वविद्यालयों से निकले स्नातक नहीं, बल्कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित कुशल कामगारों की भी आवश्यकता है। उनका यह संदेश बिहार के लिए विशेष महत्व रखता है। राज्य में बड़ी युवा आबादी है। यदि युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, आधुनिक उद्योगों और स्थानीय रोजगार से जोड़ा जाए तो बिहार को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहने की आवश्यकता कम होगी।

आखिर कब समझेंगे लोग अपनी जिंदगी और परिवार की कीमत

कांतिलाल मांडोत

सड़क दुर्घटनाएं आज देश के सामने एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं। हर दिन समाचार पत्रों और समाचार माध्यमों में कहीं न कहीं सड़क हादसों की खबरें पढ़ने और देखने को मिलती हैं। कहीं तेज रफ्तार ने किसी परिवार का सहारा छीन लिया तो कहीं नशे में वाहन चलाने वाले की लापरवाही ने कई परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। इन दुर्घटनाओं में केवल एक व्यक्ति की जान नहीं जाती, बल्कि उसके साथ पूरे परिवार के सपने, उम्मीदें और भविष्य भी प्रभावित होते हैं। सबसे दुखद बात यह है कि इन हादसों के पीछे ज्यादातर कारण ऐसे होते हैं, जिनसे बचा जा सकता है। इसके बावजूद सड़क पर लापरवाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश में सड़क सुरक्षा को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों और बड़े शहरों में हजारों आधुनिक कैमरे लगाए



गए हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी पहले की तुलना में कई गुना बढ़े हैं। जुमार्ने की राशि में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार चिंता बढ़ा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2014 से 2018 के बीच पांच वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 7.36 लाख लोगों की मौत हुई, जबकि 2020 से 2024 के बीच यह संख्या बढ़कर 8.04 लाख तक पहुंच गई। यानी निगरानी और जुमार्ने की सख्ती के बावजूद मौतों में करीब 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह स्थिति बताती है कि केवल कैमरे लगाने और चालान काटने से सड़क दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती।

इस समस्या का एक बड़ा कारण सड़क सुरक्षा के उपायों का सही जगह पर नहीं पहुंचना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों और बड़े शहरों में निगरानी के साधन उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों पर आज भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली लगभग 63.5 प्रतिशत मौतें राज्य राजमार्गों और ग्रामीण मार्गों पर होती हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़क सुरक्षा की योजनाएं केवल बड़े शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों तक सीमित नहीं रहें। गांवों को जोड़ने वाली सड़कों, छोटे कस्बों और राज्य राजमार्गों पर भी निगरानी, संकेतक, रोशनी और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए।

सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण तेज रफ्तार है। कई वाहन चालक सड़क को अपनी निजी संपत्ति समझकर वाहन दौड़ाते हैं। उन्हें न अपनी जान की चिंता रहती है और न सामने से आने वाले वाहन में बैठे लोगों की। कुछ लोग शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करके वाहन चलाते हैं। यह केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने जैसा है। मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, गलत दिशा में गाड़ी ले जाना, बिना हेलमेट दोपहिया चलाना और सीट बेल्ट नहीं लगाना भी दुर्घटनाओं के खतरे को बढ़ाता है। आरटीओ के नियम स्पष्ट हैं, लेकिन सड़कों पर इन नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई देती हैं। नियम बनाने का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी कई अवसरों पर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। उनका कहना है कि सड़क पर दुर्घटनाओं के दृश्य देखकर मन विचलित हो जाता है। दुर्घटनाओं में परिवार के परिवार उजड़ जाते हैं। यह चिंता केवल सरकार या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की होनी चाहिए। जब किसी घर का कमाने वाला सदस्य दुर्घटना का शिकार होता है तो पीछे रह गए माता-पिता, पत्नी और बच्चों के सामने जीवनभर का संकट खड़ा हो जाता है। किसी परिवार का इकलौता बेटा चला जाता है तो बूढ़े माता-पिता की उम्मीदें टूट जाती हैं।

किसी घर का पिता दुर्घटना में अपनी जान गंवा देता है तो छोटे बच्चों का भविष्य अनिश्चित हो जाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्त राजस्थान का संकल्प हो रहा तेजी से साकार

अवैध नशे के कारोबारियों की संपत्तियों पर चला बुलडोजर

उत्तम भारत संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 3 वर्षों में प्रदेश में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों की जब्ती और अपराधियों की गिरफ्तारी कर अवैध नशे के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई है।

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किए गए है। प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज



किए गए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार, मादक पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अवैध मादक पदार्थों के निर्माण की फैक्ट्रियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गए हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गई है। वहीं, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गईं।

राजस्थान की 23.32 लाख बेटियों को मिलेगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ी पहल की है। प्रदेश की 23.32 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए राजस्थान पुलिस और शिक्षा विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इसके तहत प्रदेश के 36,765 सरकारी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12 तक की प्रत्येक छात्रा को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार और स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीआईजी क्राइम दीपक भार्गव भी मौजूद रहे।



इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस 11,701 ब्लॉक स्तरीय विद्यालयों के शिक्षकों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करेगी। प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश के सभी 36,765 सरकारी विद्यालयों तक यह प्रशिक्षण पहुंचाया जाएगा। इससे लाखों छात्राओं को विद्यालय स्तर पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिल सकेगा। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन और आपातकालीन सहायता सेवाओं के उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर वे समय रहते मदद प्राप्त कर सकें।

इस कार्यक्रम में बाल अधिकारों और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करने, सुरक्षा के प्रति सजग बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

मंदिर श्री रामचंद्र जी में होगा श्री राम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव

जयपुर (एजेंसी)। चांदपोल स्थित ऐतिहासिक ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के विवाह प्रसंग पर आधारित सात दिवसीय श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव का आयोजन 24 से 30 नवंबर तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सात दिनों तक विवाह से जुड़ी विभिन्न पारंपरिक एवं धार्मिक रस्मों का आयोजन होगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे से मंदिर परिसर में मांगलिक गीतों, भजनों और बधाइयों के बीच उत्सवी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि इस महोत्सव का शुभारंभ 24 नवंबर को सुबह 10 बजे गणपति न्योता कार्यक्रम के साथ होगा। विवाह के प्रथम निमंत्रण के रूप में विधि-विधान से गणपति जी को महोत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया जाएगा। इसके बाद 25 नवंबर को पुष्प वाटिका प्रसंग आयोजित होगा, जिसमें भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के प्रथम मिलन की लीला का भावपूर्ण चित्रण किया जाएगा। 26 नवंबर को धनुष यज्ञ उत्सव में भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने के प्रसंग को पारंपरिक एवं धार्मिक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।



इसी क्रम में 27 नवंबर को सगाई एवं तिलक समारोह आयोजित होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 28 नवंबर को होने वाला श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव रहेगा। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा वैदिक रीति-विधान से विवाह की विभिन्न मांगलिक रस्में और फेरे संपन्न होंगे। विवाह समारोह के लिए मंदिर परिसर में विशेष सजावट की जाएगी।

29 नवंबर को जनकपुर में नेकचार एवं विदाई का भावपूर्ण उत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित होगा। सात दिवसीय महोत्सव का समापन 30 नवंबर को पारंपरिक पैसारा उत्सव के साथ होगा।

महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि महोत्सव के सातों दिन प्रतिदिन शाम को विशेष बधाई उत्सव आयोजित किया जाएगा।

इसमें श्रद्धालु मंगल गीतों, भजनों और पारंपरिक बधाइयों के माध्यम से भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के विवाह की खुशियां मनाएंगे। सभी कार्यक्रम शाम 6 बजे से होंगे।

महोत्सव में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन के माध्यम से धार्मिक परंपराओं, लोक संस्कृति और वैवाहिक संस्कारों की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मंदिर प्रबंधन एवं भक्त समाज की ओर से श्रद्धालुओं से परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं माता जानकी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

पुष्कर मेले में आस्था, रोमांच और मनोरंजन का संगम

संतों का शाही स्नान, विदेशियों ने खेला लगान वाला क्रिकेट

अजमेर (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में सोमवार को आस्था, संस्कृति, रोमांच और मनोरंजन के रंग एक साथ नजर आए। ब्रह्म चतुर्दशी के पावन अवसर पर जहां पुष्कर सरोवर के सप्तऋषि घाट सहित विभिन्न घाटों पर संत-महात्माओं ने शाही स्नान कर लोककल्याण और खुशहाली की कामना की, वहीं मेला मैदान में देशी-विदेशी पर्यटकों ने क्रिकेट के मैदान पर चौके-छक्के लगाकर खूब तालियां बटोरीं। इसी बीच महाराष्ट्र के ठाणे से आई महज दो फीट कद की भैंस ह्यपिंकीह्ल भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

सुबह से ही पुष्कर सरोवर के घाटों पर धार्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न मठों, आश्रमों और मंदिरों से पहुंचे साधु-संतों ने विधि-विधान से शाही स्नान किया। संतों ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर देश-दुनिया में शांति, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। संतों ने श्रद्धालुओं को तीर्थ की मयार्दा बनाए रखने, सरोवर को स्वच्छ रखने, नशे और प्लास्टिक से दूर रहने तथा माता-पिता और गोसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

तीर्थ पुरोहितों के अनुसार पुष्कर के पवित्र सरोवर के जल को नारायण स्वरूप माना जाता है। कार्तिक मास में होने वाले पंचतीर्थ महास्नान को विशेष धार्मिक महत्व दिया जाता है।

ब्रह्म चतुर्दशी पर संतों के शाही स्नान के बाद अब मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अंतिम महास्नान होगा।

धार्मिक माहौल के बीच मेला मैदान में मनोरंजन का रंग भी खूब जमा। यहां देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच फिल्म ह्यलगानह्ल की तर्ज पर क्रिकेट मुकाबला कराया गया। विदेशी पर्यटक भी बल्ला थामकर मैदान में उतरे और चौके-छक्के लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। हालांकि विदेशी खिलाड़ियों को मुकाबले में शामिल करने के लिए पर्यटन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके कारण मैदान में विदेशी खिलाड़ियों की संख्या सीमित रही।



पुष्कर पशु मेले में जहां बड़े और आकर्षक पशु हमेशा से लोगों की निगाहों का केंद्र रहते हैं, वहीं इस बार महज दो फीट कद की भैंस ह्यपिंकीह्ल ने सबको चौंका दिया है। महाराष्ट्र के ठाणे से आई पिंकी को देखने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ जुट रही है। लोग उसके साथ तस्वीरें और सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं।

पशुपालक के मुताबिक पिंकी का छोटा कद जन्मजात है और उसकी मां भी करीब तीन फीट ऊंची थी। मालिक का दावा है कि पिंकी दुनिया की सबसे छोटी भैंस है और अपने अनोखे कद के कारण पहले भी चर्चा में रह चुकी है।

मेले में राजस्थान कुश्ती संघ की ओर से कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। ब्यावर, किशनगढ़ सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में दांव-पेच दिखाए। खास बात यह रही कि विदेशी पर्यटकों ने भी कुश्ती के अखाड़े में उतरकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया। देशी और विदेशी पहलवानों के बीच हुए मुकाबले दर्शकों के लिए खास आकर्षण बने। मेले की शाम भी खास रहने वाली है। राजस्थानी लोक गायक स्वरूप खान लोक कलाकारों के साथ मेला मैदान के मंच पर प्रस्तुति देंगे। उनकी गायकी में मांगणियार संगीत परंपरा, राजस्थानी लोक संगीत, सूफियाना अंदाज और लोकप्रिय धुनों का संगम देखने-सुनने को मिलेगा।

उनकी प्रस्तुति पर्यटकों के लिए मेले की शाम का प्रमुख आकर्षण होगी।

कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम जयपुर घाट पर भव्य महाआरती का आयोजन होगा। सात मंचों से एक साथ होने वाली आरती के दौरान पूरा घाट दीपों और धार्मिक मंत्रोच्चार से जगमगा उठेगा। इससे पहले तीर्थ पुरोहितों की ओर से ब्रह्म सरोवर का दुग्धाभिषेक और पूजन किया जाएगा।

पुष्कर मेले का धार्मिक समापन मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले पंचतीर्थ के अंतिम महास्नान के साथ होगा। इसके बाद मेला स्टेडियम में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

समारोह में राजस्थानी लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच रस्साकशी, मटका दौड़ सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

पशु मेले में रविवार तक कुल 10,088 पशुओं की आवक दर्ज की गई, जिनमें से 704 पशुओं की बिक्री हो चुकी है। इनकी बिक्री से करीब 4 करोड़ 49 लाख 72 हजार 500 रुपए का कारोबार हुआ है। रविवार को कोई नया पशु मेले में नहीं पहुंचा, जबकि छह पशुओं की बिक्री हुई।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, सेक्टर 06, नोएडा गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व 74ए आशीर्वाद एन्क्लेव, टीएचडीसीए देहराखास, देहरादून, उत्तराखंड. 248001 से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून होगा। RNI.No. UAHIN/26/A3885

स्वच्छकारों के लंबित भुगतान जल्द निस्तारित करें, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने की प्रशासनिक समीक्षा बैठक, सुरक्षा उपकरण और ईएसआई कार्ड उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



मेरठ। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने सोमवार को सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई कर्मचारियों और स्वच्छकारों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं तथा मैनुअल स्कैवेंजर अधिनियम-2013 के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों का सम्मान, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग पात्र स्वच्छकारों को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराएं और सफाई कर्मचारियों से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर निस्तारण करें। उन्होंने शासनादेशों और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश भी दिए।

मकवाना ने समाज कल्याण विभाग को स्वच्छकारों के क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाने और पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम में स्वच्छकारों की संख्या बढ़ाने, सफाई कर्मचारियों के लंबित भुगतान शीघ्र करने तथा पात्र कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड वितरित कराने को कहा। सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, किट और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ नियमानुसार बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रम संबंधी नियमों और निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली फर्मों एवं ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और जरूरत पड़ने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे धरातल पर सफल बनाने में स्वच्छकारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए उनकी सुरक्षा, सम्मान और बेहतर कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित करना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में नगर आयुक्त, नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारी मौजूद रहे।

26 नवंबर को उद्योग विभाग के निष्प्रयोज्य सामान की होगी नीलामी

मेरठ। जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केंद्र, सूरजकुंड, मेरठ के कार्यालय परिसर में आगामी 26 नवंबर 2026 को निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी की जाएगी। यह नीलामी शाम चार बजे आयोजित होगी। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय के निष्प्रयोज्य सामान की प्रमाणित न्यूनतम कीमत 4,420 रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी में इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। सामान की नीलामी जैसी स्थिति में है, उसी आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि नीलामी की उचित कीमत मिलने और सक्षम स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद उच्चतम बोलीदाता को उसी दिन पूरी धनराशि जमा करानी होगी। नीलामी को स्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, मेरठ के पास सुरक्षित रहेगा।

पुलिस झंडा दिवस पर एसएसपी ने पुलिस ध्वज को दी सलामी, जवानों को दिलाया कर्तव्यनिष्ठा का संदेश



उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन मेरठ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ ने पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक सलामी दी। साथ ही पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ का संदेश पढ़कर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सुनाया। कार्यक्रम में एसएसपी ने पुलिस ध्वज के गौरवशाली इतिहास, उसके महत्व और पुलिस सेवा की समृद्ध परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस बल की गरिमा और गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आमजन की सुरक्षा, सेवा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

पुलिस झंडा दिवस मनाया, पुलिस ध्वज फहराकर दी सलामी



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। जिले में सोमवार को पुलिस झंडा दिवस सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में एसएसपी डॉ. इलामारन ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान एएसपी अपराध सच्चिदानंद, सीओ यातायात अरुण कुमार सिंह और सीओ सदर संकल्पदीप कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में एएसपी श्वेताभ पांडेय ने पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को ध्वज के इतिहास, महत्व और गौरवशाली परंपरा की जानकारी दी। साथ ही कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

जिले के सभी थानों, चौकियों और पुलिस इकाइयों में भी ध्वजारोहण कर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। फायर स्टेशन एटा पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने पुलिस ध्वज को सलामी दी। जलेसर और अलीगंज फायर स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्रामीण स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शुरू, 30 लाभार्थियों ने लिया हिस्सा



उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरूरपुर खुर्द में सोमवार को दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 23 से 24 नवंबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को लेखन सामग्री वितरित की गई तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई।

राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, मोदीपुरम की प्रभारी प्रेमलता ने प्रशिक्षणार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े विभिन्न उद्योगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर विभाग की ओर से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपये है।

विषय विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त प्रभारी पवन कुमार सिरोही ने फल एवं सब्जियों से अचार, सॉस, मुरब्बा, जैम, जेली, स्क्वैश तथा मसाला प्रसंस्करण जैसे उत्पाद तैयार करने की विधियों की जानकारी दी। वहीं शिवांजलि सिंह ने बेकरी उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं और विभागीय योजनाओं के बारे में बताया।

इसके अलावा डीआरपी मेरठ दीपांशु ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें उद्यम स्थापना के लिए प्रोत्साहित करना है।

बाइक की टक्कर से नाना-नाती घायल दूसरी बाइक ने मारी जोरदार टक्कर



उत्तम भारत संवाददाता

एटा/अलीगंज। थाना अलीगंज क्षेत्र में रविवार देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में नाना-नाती घायल हो गए। हादसा नगला कलू चौराहे से लटूरी सिंह इंटर कॉलेज के पास हुआ। सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक चला रहे संजय कुमार पुत्र सूबेदार और उनके नाना रामनाथ पुत्र मूलचंद्र निवासी विचपुरी इमादपुर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई।

सीएचसी के चिकित्सक डॉ. शक्ति मीणा ने बताया कि दोनों घायलों का उपचार किया गया है।

महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं

जनचौपाल में शिकायतों के निस्तारण के निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। मिशन शक्ति 6.0 के तहत सोमवार को पुलिस लाइन में महिला जनचौपाल और जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद और महिला सुरक्षा से संबंधित शिकायतें सामने आईं। सदस्य ने महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ ही महिला हेल्पलाइन 181, 1090 और आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी। इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान और सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

इस दौरान सीओ नगर कीर्तिका सिंह, महिला थाना प्रभारी नीतू सिंह, सकीट थानाध्यक्ष मधु दुबे और महिला प्रकोष्ठ की नीता माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

26 नवम्बर को राज्य महिला आयोग की मनीषा अहलावत सर्किट हाऊस में करेंगी महिला जनसुनवाई

मेरठ। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्या मनीषा अहलावत द्वारा दिनांक 26 नवम्बर 2026 को प्रातः 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएँ अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई मे लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

मेडिकल कॉलेज में संक्रमण से बचाव का प्रशिक्षण

हैंड हाइजीन और पीपीई किट का बताया उपयोग



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को हाथों की स्वच्छता तथा पीपीई किट के सही इस्तेमाल की जानकारी दी गई।

प्रधानाचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने कहा कि अस्पताल में संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है। सही तरीके से हाथ धोने और पीपीई किट का इस्तेमाल करने से स्वास्थ्यकर्मी स्वयं को सुरक्षित रखने के साथ मरीजों को भी संक्रमण से बचा सकते हैं।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने हाथ धोने की सही तकनीक और पीपीई किट पहनने तथा सुरक्षित तरीके से उतारने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। आयोजन माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमित जैन की देखरेख में हुआ। इस दौरान डॉ. शिवम यादव, डॉ. साधना सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. निखिल अरोड़ा सहित अन्य चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद रहे।

ऑपरेशन कार बार में 108 पर कार्रवाई,सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

एटा। सार्वजनिक स्थानों और कार के अंदर शराब पीने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कार बार के तहत पुलिस ने 108 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की है। एसएसपी डॉ. इलामारन के निर्देशन में चलाए गए अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्वेताभ पांडेय के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इनमें कोतवाली नगर में नौ, कोतवाली देहात में 12, बागवाला में 12, मिरहची में छह, पिलुआ में सात, मारहरा में आठ, सकरौली में तीन, अवागढ़ में छह, निधौली कलां में चार, जलेसर में 10, जैथरा में सात, नयागांव में सात, राजा का रामपुर में सात, सकीट में पांच और मलावन में पांच लोगों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन नहीं करने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

1018 घरों पर लगे सोलर रूफटॉप, एक सप्ताह में लंबित प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश

बैंक और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ सीडीओ ने की समीक्षा बैठक, प्रतिदिन प्रगति की निगरानी के निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



मेरठ। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत सोलर रूफटॉप स्थापना, बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों और विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना प्रभारी यूपीनेडा, मेरठ ने बताया कि जनपद में प्रतिमाह 1744 घरों में सोलर रूफटॉप स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 1018 घरों में सोलर रूफटॉप लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग से जुड़े लंबित प्रकरणों पर भी नाराजगी जताते हुए बैठक में मौजूद अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि इनका निस्तारण उसी दिन सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

सीडीओ ने परियोजना प्रभारी यूपीनेडा को निर्देश दिए कि योजना की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जाए और नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही आगामी समीक्षा बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से योजना की प्रगति और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में एएलडीएम रविकांत अंगरीष, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्गेश जायसवाल एवं संदीप, सहायक अभियंता अमित चौधरी, इंटेली स्मार्ट के प्रतिनिधि हनी मंगल, यूपी ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा योजना से जुड़े विभिन्न वेंडर उपस्थित रहे।

12 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए न्यायिक अधिकारियों को दिए निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



एटा। आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सोमवार को न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। अपर जिला जज एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी कमालुद्दीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर उनका निस्तारण कराने पर जोर दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित बैठक में अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं प्रभारी सचिव युगल चंद्र चौधरी सहित जनपद के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट और सिविल जज मौजूद रहे। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य अधिक से अधिक मामलों को चिह्नित कर उनके निस्तारण की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार-क सिविल जज सुमिता, विकास कुमार, सुधा शर्मा, सुभी अग्रवाल, सत्यम सिंघल, मोहित कुमार, जाग्रति केशरवानी, चारू सिंह और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति-क सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद के सभी इंटर कॉलेज एवं महाविद्यालयों को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें अधिकारी: जिलाधिकारी

मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाना करें सुनिश्चित, नशे से संबंधित संगठित अपराधों पर तत्काल हो प्रभावी कार्रवाई

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में एनकाड की जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी इंटर कॉलेजों एवं महाविद्यालयों को नशा मुक्त घोषित करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेजों में नशा मुक्ति विषय पर निबंध लेखन सहित अन्य जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए, जिससे युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके।

उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने सुनिश्चित किए जाएं तथा उनकी नियमित निगरानी भी की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नारकोटिक्स से संबंधित किसी भी प्रकार के संगठित अपराध अथवा अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्रवाई करें। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपने सूचना तंत्र को और अधिक विकसित एवं सक्रिय बनाएं, ताकि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई की जा सके।

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में वर्तमान में तीन नशा मुक्ति केंद्र संचालित हैं। जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र पाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बेटियों की शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान, आभा फाउंडेशन ने 7 होनहार छात्राओं को भेंट की साइकिलें

उत्तम भारत संवाददाता



चांदपुर। विधानसभा क्षेत्र से बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर एक सराहनीय पहल सामने आई है। यहां आभा फाउंडेशन ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 होनहार छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनके सपनों को नई उड़ान देने का प्रयास किया है।

दरअसल, आभा फाउंडेशन की ओर से की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना और उनकी पढ़ाई को आसान बनाना है। अक्सर दूरी और आर्थिक परिस्थितियों के चलते छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में साइकिल मिलने से इन छात्राओं को काफी सहूलियत मिलेगी।

इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका एवं फादरसन पब्लिक स्कूल की प्रबंधिका आभा सिंह ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। जरूरत है तो सिर्फ उन्हें सही अवसर और प्रोत्साहन देने की। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि क्षेत्र की हर बेटी शिक्षित, आत्मनिर्भर और सफल बने। किसी भी प्रतिभाशाली छात्रा की पढ़ाई आर्थिक या अन्य परिस्थितियों के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए।

आभा सिंह ने बेटियों की शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके जरिए बेटियां अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। आपको बता दें कि आभा फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में लगातार जनकल्याणकारी कार्य कर रहा है।

7 छात्राओं को साइकिल वितरण की यह पहल सिर्फ एक सहायता नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास और उनके सुनहरे भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

आभा फाउंडेशन का संकल्प है कि हर बेटी को आगे बढ़ने का अवसर मिले और उसके सपनों को नई उड़ान मिलती रहे।

मुख्यमंत्री मोती संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रथम मोती पालन परियोजना का कार्य संपन्न

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मोती संवर्धन योजना के अंतर्गत आज जनपद बिजनौर में पहली मोती पालन परियोजना की स्थापना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परियोजना तहसील धामपुर के ग्राम महमूदपुर में स्थापित की गई है। इसके साथ ही बिजनौर जनपद में मोती की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत हुई है।

इस अवसर पर मत्स्य विभाग बिजनौर के सहायक मत्स्य निदेशक श्री शिव कुमार, टठक ऑ१ङ्ँ४ु के उएड एवं मोती पालन विशेषज्ञ डॉ. अय्यूब हुसैन, ग्राम प्रधान श्री इफ्तेखार हुसैन सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, किसान एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

परियोजना की स्थापना के दौरान मोती पालन की आधुनिक तकनीक, सीपों के रखरखाव, जल की गुणवत्ता, पोषण, नियमित देखभाल तथा सीपों में सर्जरी की प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी जानकारियां साझा की गईं।

इस अवसर पर डॉ. अय्यूब हुसैन ने बताया कि मोती की खेती किसानों के लिए आय का एक नया और बेहतर विकल्प बन सकती है। पारंपरिक कृषि के साथ मोती पालन को अपनाकर किसान अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकते हैं। द्वारा किसानों को वैज्ञानिक तकनीक, प्रशिक्षण एवं परियोजना स्थापना में आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मोती संवर्धन योजना का उद्देश्य किसानों को मोती पालन से जोड़ना, स्वरोजगार के अवसर पैदा करना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। बिजनौर जनपद में इस प्रथम परियोजना की स्थापना से क्षेत्र के अन्य किसानों में भी मोती पालन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आने वाले समय में जनपद में इस व्यवसाय के विस्तार की नई संभावनाएं विकसित होंगी।

आजाद समाज पार्टी को नगीना सीट से ऐसे प्रत्याशी की जरूरत जो सपा व भाजपा को टक्कर दे सके

उत्तम भारत संवाददाता



नगीना। प्रदेश में अगले साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में नगीना (सुरक्षित) सीट से भाजपा व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) में टिकट के दावेदारों की संख्या सबसे अधिक है। आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के नगीना लोकसभा सीट से सांसद बनने के बाद विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी के साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर के राजनैतिक कैरियर और जनता के बीच उनकी साख भी दांव पर लगी है।

गौरतलब है कि नगीना विधानसभा (सुरक्षित) सीट परम्परागत रूप से समाजवादी पार्टी की सीट मानी जाती है। भाजपा की प्रदेश में आंधी के बावजूद वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में सपा प्रत्याशी मनोज पारस ने भाजपा प्रत्याशी यशवंत सिंह को 26451 वोटों के भारी अंतर से हराकर सफलता हासिल करते हुए तीसरी बार जीत दर्ज कराई थी जो वर्तमान में भी विधायक है। आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम के असदुदीन औवेसी में हाल ही में गठबन्धन हुआ है जिसके बाद से राजनीतिक हल्को में सरगर्मी बढ गई है और हर किसी की निगाहें नगीना (सुरक्षित) सीट पर है कि आसपा व एआईएमआईएम गठबन्धन का प्रत्याशी आखिर कौन होगा। जो भजपा सत्ताधारी पार्टी है या सपा के टिकट पर पिछले पन्द्रह वर्षो से विधायक मनोज पारस को टक्कर दे सके। वर्तमान में आसपा की तरफ से संभावित प्रत्याशी के रूप में शीतल कुमारी, रीपा देवी, दीपक कुमार, प्रोफेसर आर के सिंह, विकास सूर्यवंशी आदि ताल ठोक रहे है इनमें से एक भी कददावर या जमीनी नेता नहीं है जिसका कोई क्षेत्र में जनाधार हो इतना ही नही विधानसभा तो दूर प्रधानी तक का चुनाव भी जीतने की क्षमता नहीं है। राजनीतिक सर्वे के अनुसार अभी तक क्षेत्र में समाजवादी पार्टी का ही पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। आजाद समाज पार्टी की तरफ से संभावित प्रत्याशी शीतल कुमारी, रीपा देवी, दीपक कुमार आदि अपने अपने टिकट का हवाहवाई दावा करते हुए सिर्फ आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के बलबूते बिना किसी संघर्ष के विधायक बनने का सपना देख रहे है। शीतल कुमारी के साथ तो कुछ ऐसे चापलूस लगे हुए हैं जो सांसद चंद्रशेखर को अपना नजदीकी बता कर टिकट दिलाने का झांसा दे रहे हैं।

स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़ और शादी का दबाव बनाने का आरोप, जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

शेरकोट, संवाद। थाना क्षेत्र के मोहल्ला हकीमान में स्कूल जा रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने और शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने मोहल्ले के ही एक युवक पर छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में शाकिर आलम पुत्र इम्तेदारुद्दीन निवासी मोहल्ला हकीमान ने बताया कि 24 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 8:45 बजे उनकी पुत्री महक फिजा स्कूल जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में आलम बैंकट हॉल वाली गली में रिजवान पुत्र जुल्फूकार निवासी मोहल्ला हकीमान ने उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। साथ ही उस पर शादी करने का दबाव बनाते हुए धमकी दी कि शादी नहीं करने पर उसकी जिंदगी खराब कर देगा।

खेलों से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास: ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार



उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। एसएनएसएम इंटर कॉलेज में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, योगेंद्र पाल सिंह, योगी अरविंद अहलावत और खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह की उपस्थिति रही। हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है और इससे अनुशासन तथा टीम भावना भी मजबूत होती है। प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, व्यायाम, कबड्डी, दौड़ और लंबी कूद सहित कई खेल स्पधाएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चौधरी ने किया।

घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

शेरकोट, संवाद। थाना क्षेत्र के ग्राम हरेवली में घर के सामने सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित सुनील कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल संख्या वड18ठ8127 को 21 नवंबर 2026 को घर के सामने सड़क किनारे खड़ा किया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर मोटरसाइकिल चोरी कर ली। काफी तलाश करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित सुनील कुमार थाने पहुंचे और अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने तथा मोटरसाइकिल बरामद कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की।

112 ग्राम अवैध चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज



उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। अपराधों की रोकथाम और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 112 ग्राम अवैध चरस, नकदी और तौलने का उपकरण बरामद किया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर पुलिस ने ग्रीन सिटी कॉलोनी से मोहल्ला जोशियान के विनोद सैनी को गिरफ्तार किया।पुलिस का दावा है कि तलाशी व बरामदगी में अभियुक्त के पास से 112 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। इसके अतिरिक्त उसके कब्जे से 350 रुपये नकद तथा एक फोननुमा कांटा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक जयंती

उत्तम भारत संवाददाता



नहटौर। बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती (प्रकाश पर्व) अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार द्वारा गुरु नानक देव जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के कर्मशील, सक्रिय एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमान शिव दत्त शर्मा जी गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र कुमार शर्मा जी ने मुख्य अतिथि को पटका भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान शैलेंद्र जी एवं श्री टीकम जी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन परिचय, उनकी आध्यात्मिक यात्राओं और उनके महान आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी ने समाज से जाति-पाति, ऊंच-नीच और अंधविश्वास को मिटाकर 'एक ओंकार' (ईश्वर एक है) और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र कुमार शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हमें सत्य, ईमानदारी, विनम्रता तथा मानव सेवा के मार्ग पर चलते हुए उनका अनुसरण करना चाहिए।

सीओ नगीना के साथ एआई से अपना फोटो बनाकर फेसबुक पर किया वायरल

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एम आर पाशा के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

उत्तम भारत संवाददाता



नगीना। सीओ नगीना की फोटो के साथ एआई से अपनी फोटो बनाकर फेसबुक पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा के खिलाफ एसआई प्रवीण कुमार की तहरीर पर नगीना थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एआई से बनाए गए फोटो में सीओ आलोक सिंह के फोटो में यूपी पुलिस के बैज के नीचे शमशेर सिंह नाम की नेम प्लेट दर्शाई गई है और एम आर पाशा के कंधे पर सीओ आलोक सिंह का हाथ व मेज पर रखा फूलों का बुके दशार्या गया है।

फेसबुक पर राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की आईडी से संचालित फेसबुक अकाउंट पर 20 नवंबर को उक्त फोटो वायरल होते ही शमशेर सिंह नाम के साथ सीओ आलोक सिंह का फोटो देखकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।नगीना पुलिस ने इसका संज्ञान लेते हुए थाना में तैनात एसआई प्रवीण कुमार की तहरीर पर राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर निवासी एम आर पाशा के खिलाफ आईटी एक्ट व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगीना थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में एसआई प्रवीण कुमार ने कहा है कि सीओ नगीना आलोक सिंह के साथ एआई द्वारा अपने कंधे पर हाथ रखवा कर फोटो बना कर फेसबुक पर वायरल करने का एम आर पाशा का मकसद जनता को भ्रमित कर अनुचित लाभ प्राप्त करना मुख्य उद्देश्य प्रतीत हो रहा है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एम आर पाशा उनके कार्यालय में मुलाकात करने आए थे। लेकिन जो फोटो खींचा गया था,उसको बाद में एआई के जरिए एडिट करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। वायरल फोटो में नेम प्लेट पर नाम भी गलत दर्शाया गया है। वायरल फोटो की जानकारी मिलते ही फोटो वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नगीना थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

राजनैतिक षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाने की साजिश:एम आर पाशा

नगीना थाना में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में आरोपी एम आर पाशा का कहना है कि उन्होंने सीओ नगीना आलोक सिंह से मुलाकात की थी। उसके बाद किसी ने उनका मोबाइल ले लिया था। हो सकता है कि उक्त व्यक्ति ने एआई तकनीक से फोटो एडिट कर वायरल कर दिया हो। पाशा ने कहा कि उनके द्वारा फोटो एडिट कर वायरल नहीं किया गया। यह राजनैतिक षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाने की चाल दिखाई देती है।

आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, छह वर्षीय बालक को बनाया निशाना

उत्तम भारत संवाददाता



शेरकोट। नगर में आवारा कुत्तों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को मोहल्ला शेखान में घर के बाहर खेल रहे छह वर्षीय बालक को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया।

मोहल्ला शेखान निवासी शाहरुख ने बताया कि उनका पुत्र आतिफ सोमवार दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान सड़क पर घूम रहे एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से बालक घायल हो गया।

उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट अनुराग चौहान ने बताया कि सोमवार को केंद्र पर कुत्ते और बिल्ली के काटने से घायल 19 लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे। इनमें वसीम अहमद, शमसुद्दीन, राशिद, दैवांश और फातिमा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

नगर निवासी मोहम्मद नाजिम, रियाज अंसारी, सुमित कुमार, राकेश और शबनम ने बताया कि आवारा कुत्तों के कारण बच्चों और राहगीरों में भय बना हुआ है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने और लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर में 100 से अधिक व्यापारियों ने लिया प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सौजन्य से सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें नगर के 100 से अधिक व्यापारियों ने भाग लेकर खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। शिविर में बाहर से आए प्रशिक्षकों ने व्यापारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, पौष्टिक भोजन और प्रोटीन के स्रोतों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कढ़ाई में एक बार गर्म किए गए तेल का तापमान 180 डिग्री से अधिक होने पर उसका दोबारा खाद्य पदार्थ बनाने में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। प्रशिक्षकों ने रसोई



और खाद्य सामग्री रखने वाले स्थानों पर चूहे, छिपकली और तिलचट्टे जैसे जीवों से बचाव करने की सलाह दी। खाद्य पदार्थों को हमेशा ढककर और सुरक्षित स्थान पर रखने तथा पेयजल के लिए शुद्ध पानी का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने व्यापारियों को चेताया कि कोई भी दुकानदार या व्यापारी बिना पंजीकरण अथवा लाइसेंस के खाद्य कारोबार न करे।

उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों के सेवन से किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान पहुंचने या मृत्यु होने की स्थिति में संबंधित व्यापारी के खिलाफ जुमार्ना और जेल तक की कार्रवाई हो सकती है। इसलिए सभी व्यापारी नियमानुसार पंजीकरण और लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही कारोबार करें। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार, प्रेम शर्मा, शैलेंद्र पांडेय, खुर्शीद अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अधिकार, मोहम्मद असलम, सलीम अहमद, विनीत पुष्पक, सुरेश पुष्पा, नावेद अली, रईस अहमद, कुशाग्र सिंघल, हाजी मुस्तकीम, हाजी बुरे हुसैन, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद इरफान सैफी, जफर अली, मोहम्मद रफी, अंशुल अग्रवाल, मोहित सिंघला, गौरव अग्रवाल, शिवेंद्र गुप्ता, आशुतोष अग्रवाल और किफायतुल्ला खान सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस, मोबाइल और नकदी बरामद, आरोपी पर दर्ज हैं सात मुकदमे

उत्तम भारत संवाददाता



मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और 620 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आठ नवंबर को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की हरथला चौकी के अंतर्गत मऊ जाने वाले रास्ते से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान चोरी की घटना में चक्कर की मिलक स्थित शाह बुलाकी ज्यारत निवासी रिहान पुत्र आकिल उर्फ बब्बू का नाम सामने आया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइंस पुलिस की टीम ने कांठ रोड स्थित निमार्णाधीन रिंग रोड के पुल के नीचे घेराबंदी की।

पुलिस को देखकर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, 315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और 620 रुपये बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, मारपीट और चोरी समेत विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरिश वर्धन सिंह, उपनिरीक्षक मदन कुमार, सचिन कुमार सहित थाना सिविल लाइंस के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

मौलाना इरफान उल हक ने की चादरपोशी, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ

एटा/मारहरा। खानकाह-ए-बरकातिया मारहरा शरीफ में आयोजित सालाना उर्स-ए-कासमी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी ने दरगाह शरीफ पर चादरपोशी की। इस दौरान मारहरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता रंजीत सिंह यादव भी उनके साथ रहे। चादरपोशी के बाद मौलाना ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर फईमुद्दीन वारसी, मौहम्मद कामिल हुसैन, मुमताजुद्दीन, इमरान अल्वी, बबलू पठान, अवधेश यादव, मनोज भारद्वाज, जमशेद आलम, नूर मौहम्मद खां और वसीम अकरम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर कार्यालयाध्यक्षों एवं नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता



मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के दृष्टिगत सभी कार्यालयाध्यक्षों एवं नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईपीडीएस पोर्टल पर फार्म-1 एवं फार्म-2 भरने तथा आवश्यक डाटा तैयार करने के संबंध में नोडल अधिकारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों को पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में सही एवं अद्यतन सूचनाएं समय से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी समझाई गईं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभागों में कार्यरत समस्त कार्मिकों का विवरण ईपीडीएस पोर्टल के माध्यम से 15 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियां समयबद्ध एवं सुचारु रूप से पूर्ण की जा सकें।

चिकित्साधीक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप, महिला कर्मचारी ने पुलिस को दी तहरीर

एटा/अलीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्साधीक्षक पर एक महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़, अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि चिकित्साधीक्षक उसे मीटिंग के बहाने अपनी कार में बैठाकर ले गए और कार लॉक कर उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर शिकायत न करने की धमकी दी। महिला कर्मचारी ने अधिकारियों के सामने भी अपनी शिकायत रखी। मामला सामने आने के बाद सीएमओ एटा की ओर से चिकित्साधीक्षक को पद से हटा दिया गया है। हालांकि विभागीय जांच के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। महिला ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी है।

करीब 20 वर्षों से बंद पड़ी सहकारी समिति हुई चालू

पंचायत सदस्य के प्रयासों से किसानों को मिली राहत

उत्तम भारत संवाददाता



मूंढापांडे। सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवापुर में किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। करीब 20 वर्षों से बंद पड़ी सहकारी समिति बहुउद्देशीय प्रार्रभिक सहकारी समिति रुस्तमपुर बड़मार को सोमवार को दोबारा चालू करा दिया गया। जिला पंचायत सदस्य जैपी सैनी के प्रयासों और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से समिति में खाद वितरण का कार्य सुचारू रूप से शुरू करा दिया गया है।

काफी लंबे समय से समिति बंद होने के कारण देवापुर और आसपास के गांवों के किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। किसानों को खाद के लिए दूर-दराज के केंद्रों और दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे उनका समय और पैसा दोनों खर्च होते थे। खासकर खेती के सीजन में खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों को काफी दिक्कतें होती थीं।किसानों की इन समस्याओं को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य जैपी सैनी ने समिति को दोबारा चालू कराने के लिए प्रयास किए। उनके प्रयासों और अधिकारियों के सहयोग से करीब दो दशक से बंद पड़ी सहकारी समिति में खाद वितरण व्यवस्था फिर से शुरू हो सकी है, किसान करन सिंह सैनी, शीशपाल सिंह, हरपाल सिंह, मोबीन अली, अरमान अली, राम प्रकाश, बलवीर सिंह,अकील अहमद ने कहा कि समिति के दोबारा चालू होने से देवापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को अब अपने नजदीक ही खाद उपलब्ध हो सकेगी।

मूक-बधिर वाहन चालकों को बांटे हेलमेट बाइक पर लगाए डीफ ड्राइवर के स्टीकर



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। यातायात जागरूकता माह के तहत सोमवार को पुलिस कार्यालय में मूक-बधिर दिव्यांग वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए विशेष पहल की गई। एसएसपी डॉ. इलामारन और एएसपी अपराध सच्चिदानंद ने दिव्यांग वाहन चालकों की बाइक और स्कूटी पर डीफ ड्राइवर के पहचान संबंधी स्टीकर लगवाए और उन्हें हेलमेट वितरित किए।

इस पहल का उद्देश्य सड़क पर अन्य वाहन चालकों को मूक-बधिर चालकों की पहचान कराना है, ताकि वे उनके प्रति संवेदनशीलता बरतें और सुरक्षित आवागमन में सहयोग करें। इस दौरान एसएसपी ने एसोसिएशन अध्यक्ष हरिओम गुप्ता और उनके साथियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा अनुवादक आरती यादव, सीओ यातायात अरुण कुमार सिंह और यातायात प्रभारी अब्दुल कादिर सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

परवेज जुबैरी तीसरी बार बने सपा जिलाध्यक्ष, भूपेंद्र प्रजापति को जिला महासचिव की जिम्मेदारी

एटा। समाजवादी पार्टी ने वहीद महमूद जुबैरी उर्फ परवेज जुबैरी को तीसरी बार जिलाध्यक्ष और भूपेंद्र प्रजापति को जिला महासचिव बनाया है। पार्टी ने दोनों नेताओं पर भरोसा जताते हुए संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है। परवेज जुबैरी को पहली बार जनवरी 2020 में जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी भंग होने पर करीब दो महीने बाद उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अब तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं और अब तक पार्टी से जुड़े रहे हैं। परवेज जुबैरी वर्ष 1988 में मारहरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इसके बाद कई बार आरक्षित सीट पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाई। वर्ष 2018 में सामान्य सीट होने पर उन्होंने जिले में अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की। वर्तमान में भी मारहरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर सपा का कब्जा है।

नो एंट्री के बावजूद नगर में घुसा डंपर, महिला की कुचलकर मौत, लोगों ने की नारेबाजी



उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। नगर में मुस्लिम कॉलेज के सामने स्योहारा मार्ग पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए नगर में डंपरों का प्रवेश बंद कराने की मांग उठाई। लोगों का कहना था कि नगर में सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक डंपरों की नो एंट्री रहती है, इसके बावजूद डंपर नगर में कैसे पहुंचा।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सेसपुरी निवासी अमीना पत्नी नाजिम सोमवार सुबह करीब 10 बजे दवाई लेने नगर के एक निजी अस्पताल आई थीं। मुस्लिम कॉलेज के सामने सड़क पार करते समय स्योहारा मार्ग की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने डंपरों के संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कई घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। सूचना पर एसडीएम अंजनी कुमार मिश्रा, डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और डंपर को कब्जे में ले लिया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ।

महिला आयोग की सदस्य ने संस्थानों का किया निरीक्षण महिलाओं की शिकायतें सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने सोमवार को जिले का भ्रमण कर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले असरौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों और महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस लाइन के मीटिंग हॉल में जनसुनवाई कर महिलाओं की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेने को कहा।

इसके बाद उन्होंने निधौली कलां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा सेवाओं और दवाओं की उपलब्धता देखी, जबकि विद्यालय में छात्राओं को मिल रही शैक्षिक और आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए।

जानलेवा हमले का 15 हजार का इनामी गिरफ्तार, तमंचा और चार खोखे बरामद



उत्तम भारत संवाददाता

एटा/जैथरा। थाना जैथरा पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, नाल में फंसा एक खोखा कारतूस और चार अन्य खोखे बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार ग्राम ढकपुरा में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग की गई थी। इसमें आशु पुत्र नरेंद्र सिंह की आंख में गोली लगी थी। मामले में थाना जैथरा पर रघुवीर सिंह समेत आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

एसएसपी डॉ. इलामारन के निर्देश पर वांछितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रामजीलाल पुत्र अभिलाख निवासी ढकपुरा को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस के अनुसार मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं: जिलाधिकारी

उत्तम भारत संवाददाता



मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय निकायों में टाइड एवं अनटाइड ग्रांट के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासनादेश में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इ जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय निकायों में विकास कार्यों के साथ-साथ ऐसे कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाए, जिनसे निकायों की आय में वृद्धि हो और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानीय निकाय क्षेत्रों में बारातघर उपलब्ध नहीं हैं, वहां बारातघर निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। वहीं, जिन निकायों में बारातघर पहले से संचालित हैं, वहां आवश्यकतानुसार उनका सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निकायों को राजस्व प्राप्त होगा तथा नागरिकों को भी सुविधाजनक एवं बेहतर आयोजन स्थल उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत सभी कार्य 31 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाएं। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानीय निकायों में दुकानें एवं अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियां विकसित की जानी हैं, वहां ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि इन परियोजनाओं से राजस्व सृजन के साथ-साथ आमजन को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें। बैठक में स्थानीय निकायों द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय निकायों में गौशालाओं के संचालन की स्थिति के बारे में भी समीक्षा की।

ब्लॉक प्रमुख अरांव ने 218 लाभार्थियों को बांटे आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री आवास योजना के 148 और प्रधानमंत्री आवास योजना के 70 लाभार्थी हुए लाभान्वित



दिव्यांगों को आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र देते अतिथिगण

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। विकास खंड अरांव में ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत एवं परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने 218 पात्र लाभार्थियों को आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। जिसमें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 148 तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 70 लाभार्थी शामिल रहे।

परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास की सुविधा से वंचित न रहे। ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी जरूरतमंद परिवार बिना छत के न रहे, इसके लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं। लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जा रहा है। आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। विशेष रूप से दिव्यांग लाभार्थियों ने सुरक्षित छत मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन और प्रशासन का आभार जताया।

जिलाधिकारी ने 34 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। दाऊदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 34 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी ने खेल मशाल प्रज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। प्राथमिक एवं जूनियर स्तर पर बालक-बालिका वर्ग की खो-खो, कबड्डी तथा 50, 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों से हार-जीत की चिंता किए बिना खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। सीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी खेलों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता बच्चों की खेल प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का सशक्त मंच है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्व-गणना एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक करते हुए पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। प्रतियोगिता में विभिन्न विकास खंडों से आए बच्चों और शिक्षकों मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम व ऑडिटोरियम का किया निरीक्षण



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन ग्लास म्यूजियम एवं ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों, सीढ़ियों, बालकनी, रेलिंग, आंतरिक संरचना एवं फिनिशिंग कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों से कोई समझौता न किया जाए। शेष कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के साथ सुरक्षा मानकों, प्रकाश व्यवस्था और वेंटिलेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्लास म्यूजियम एवं ऑडिटोरियम फिरोजाबाद की कांच उद्योग से जुड़ी पहचान को नई दिशा देने के साथ सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भारतीय लोक कल्याण समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

फिरोजाबाद। भारतीय लोक कल्याण समिति की बैठकं में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता ने अधिक से अधिक नए लोगों को संगठन से जोड़ने का आग्रह किया। संस्थापक एवं प्रबंधक महासचिव सुनील दत्त गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दियों में रात्रि के समय चाय वितरण और जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रिय रहने की अपील की। साथ ही एक वर्ष से निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी देने की बात कही। बैठक में सुनील राठौर, अंशुल गुप्ता, प्राची गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आज लखनऊ में निकलेगा संविधान रक्षा मार्च, जनपद से कांग्रेसजन होंगे शामिल

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न अभियान के अंतर्गत 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजधानी लखनऊ में विशाल संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा। मार्च में फिरोजाबाद जनपद से अधिक से अधिक कांग्रेसजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से लखनऊ पहुंचने की अपील की है।



प्रदेश सचिव डॉ. प्रकाशनिधि गर्ग एवं महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने कहा कि संविधान रक्षा मार्च का उद्देश्य लोकतंत्र, संविधान तथा देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प को मजबूत करना है।

इस दौरान हाजी नसीर अहमद, इसके लिए पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों, पार्षदों, वार्ड अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित सभी कांग्रेस कार्यकताओं से अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया है। चॉद कुरैशी, नुरुलहुदा लाल लाइन गांधी, गुलाम जिलानी, बकार खालिद, अजय शर्मा एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष शिप्रा उपाध्याय सहित अन्य कांग्रेसजनों ने 26 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर संविधान रक्षा मार्च को सफल बनाने की अपील की।

स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

शिकोहाबाद। नारायण कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के आठवें दिन कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने, सड़क पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सड़क पर लापरवाही न केवल स्वयं के जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि दूसरों के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है।

विज्ञान प्रदर्शनी में झलकी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा

फिरोजाबाद। जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में अमेजिंग वर्ल्ड स्कूल, सिरसागंज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 314 विद्यार्थियों ने 248 विज्ञान मॉडलों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह, उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक ने किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और कल्पना चावला पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्रदर्शनी में सैटेलाइट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, एआई मॉडल, ऑर्गेनिक फार्मिंग, स्मार्ट वेदर सिस्टम और ऊर्जा उत्पादन सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें वैज्ञानिक सोच विकसित करने और राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

गैस सिलेंडर लेने आए बाइक सवार युवकों को कार ने रौंदा, एक की मौत

उत्तम भारत संवाददाता



शिकोहाबाद। नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सान में एक व्यक्ति के यहां रामायण का पाठ हो रहा था। सोमवार को गांव के ही दो युवक बाइक से शिकोहाबाद से सिलिडंर लेने आए थे। सिलिंडर लेकर जाते समय आटेपुर रोड पर जलालपुर पुलिया के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल आई। यहां पर इमरजेंसी में परीक्षण के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया।

गढ़सान निवासी राकेश उर्फ गुड्डू के यहां रामायण पाठ था। सोमवार को दावत होनी थी। इसलिए गांव के ही अजय और धर्मवीर काली पल्सर पर सिलिंडर लेने के लिए शिकोहाबाद आए। दोपहर के समय सिलिंडर लेकर जा रहे दोनों युवकों को आटेपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जलालपुर पुलिया के समीप टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को लेकर अस्पताल आई। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद अजय (30) को मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मवीर (28) को गंभीर हालत में फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। हादसे की जानकारी होते ही मृतक अजय के परिवार में कोहराम मच गया। गांव में धार्मिक आयोजन में भी खलबली मच गई। बाइक को अजय ही चला रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज और घायल धर्मवीर को उपचार के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया है।

जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप में शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल का दबदबा

उत्तम भारत संवाददाता



शिकोहाबाद। ओपन इंटर स्कूल जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप का आयोजन शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी पर भारी रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक प्राप्त कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप जादौन डायरेक्टर यूरो एकेडमी स्कूल सिरसागंज, केशव दयाल शर्मा संस्थापक शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, अर्पित यादव डिस्ट्रिक्ट कोच उत्तर प्रदेश सरकार ताइक्वांडो एफिलिएशन उपस्थित रहे। चौंपियनशिप में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कई बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। ओवर आल प्रथम स्थान शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान काशिया ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी, तृतीय स्थान एनसीएचएस ग्वालियर स्कूल रहे। गोल्ड मेडल विजेताओं में मेधा व दिव्यांश दिल्ली पब्लिक स्कूल, अतिक्ष ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल. लोकेश व अन्वी सेंट आरसीएस एकेडमी. उत्कर्ष ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, अदिति इंडियन एकेडमी, कृष्णा राजपूत ,स्नेहा कुशवाहा, परी और दीपिका शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, सिल्वर मेडल विजेताओं में वैष्णवी ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल. सुभा ब्लूमिंग बड्स स्कूल, वंश व अक्ष शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल और ब्रॉन्ज मेडल में आयुष ब्लूमिंग बड्स स्कूल रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

सीडीओ ने मदावली गोशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी ने मदावली गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर गोवंश के संरक्षण एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला के मुख्य द्वार को बदलवाने तथा गोवंश के बाड़े को समतल कराने के निर्देश दिए, जिससे पशुओं के आवागमन में परेशानी न हो और जलभराव व दलदल की स्थिति उत्पन्न न हो। सीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने सर्दी को देखते हुए गोवंश को शीतलहर से बचाने के लिए समय रहते तिरपाल आदि लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गोशाला में पेंटिंग कराने और क्षतिग्रस्त दो टीन शेड को शीघ्र बदलवाने के निर्देश दिए।

दलितों, शोषितों, पीड़ितों और वंचितों को खुशहाल बनाने के लिये संघर्ष कर रही है कांग्रेसः रामनिवास यादव

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। कांग्रेस ने दलितों को आरक्षण देकर मुख्य धारा से जोड़ने और पट्टे देकर संपन्न बनाने का काम किया है। उक्त विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने दमामल नगर में वाल्मीकि महासभा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद ही दलित समाज की समाज में गैर बराबरी को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें आरक्षण देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया था। आवासीय और कृषि भूमि पट्टे देकर उन्हें संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया था। आज भी कांग्रेस दलितों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों सहित सभी को संपन्न और खुशहाल बनाने के लिये संघर्ष कर रही है और हमेशा करती रहेगी। मौजूदा सरकारें दलित समाज से सरकारी नौकरी छीन कर उन्हें ठेके पर काम करने को मजबूर करके गुलाम बनाने का काम कर रही हैं और सरकारी विद्यालय बंद कराकर उनके बच्चों को शिक्षा से भी वंचित रखना चाहती हैं जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

स्वागत समारोह में राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, शैलेंद्र शुक्ला, दिनेश उपाध्याय, संदीप कुमार, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, शांति दास शंखवार आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमित कुमार अनार्य, राजेश कुमार वाल्मीकि, विक्की वाल्मीकि, लालाराम, पवन कुमार, मुन्नालाल, पप्पू सिंह, गुलाब सिंह, राजू वाल्मीकि, मोहनलाल, गुलशन कुमार, बाबूलाल सहित अनेको वाल्मिक समाज के लोग मौजूद रहे।

झगड़े के दौरान वृद्ध की सदमे से हुई मौत

पुत्रवधू के परिजनों के सामने बुजुर्ग की बहू ने की पिटाई

उत्तम भारत संवाददाता

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव बनीपुर में पति-पत्नी के झगड़े को लेकर मामला बढ़ गया। पत्नी ने अपने परिजनों को बुला लिया। जिसके बाद सोमवार सुबह दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। इसी बीच बहू ने ससुर के साथ ग्रामीणों के सामने मारपीट कर दी। जिससे सदमे में आए वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेजा है। जबकि पुलिस ने आरोपित बहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बनीपुर निवासी 62 वर्षीय रमेश चंद्र बघेल की पुत्रवधू के परिजन गांव में सोमवार को आए। पति-पत्नी के झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में पंचायत चल रही थी। इसी बीच रघुनाथ की पत्नी नीतू (पुत्रवधू) ने परिजनों के सामने अपने ससुर के साथ मारपीट कर दी। जिससे बुजुर्ग को ग्रामीणों के सामने मारपीट से कायली लगी और उसे सदमा लग गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। वृद्ध की मौम के बाद भी नीतू का पति रघुनाथ और उसके साले व ससुरालीजनों में मारपीट होती रही। बाद में ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामला शांत कराया। हादसे की जानकारी होते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। पुलिस ने आरोपित पुत्रवधू नीतू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नील सरोवर धाम में गंगा स्नान मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद



उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। क्षेत्र के प्रसिद्ध नील सरोवर मेले की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के मेले में पहुंचने की संभावना है। इस मेले में नील सरोवर में स्नान के बाद श्रद्धालु पूजा अर्चना में भाग लेकर मनोकामनाएं मांगते हैं। स्वामी 1008 देवानंद जी महाराज ने करनपुर के समीप कठोर तपस्या कर नील सरोवर में अमृत वर्षा कराई थी। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को सूर्योदय से पूर्व स्नान कर पूजा अर्चना करने से मानव के पाप नष्ट हो जाते हैं और उनकी इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। यह मेला लगभग तीन दशक से पूर्व इस स्थान पर शुरू हुआ था। बाद में नील सरोवर धाम श्री राम गंगा नदी में विलय हो गया। बाबा के अनुयायियों ने यहां एक मंदिर निर्माण किया। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद से ही उनकी मूर्ति रखकर यहां रामायण पूजा पाठ एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाता है। मेले में कमेटी का अध्यक्ष आदेश कुमार के नेतृत्व में कमेटी के सदस्य सेवा भाव से मेले में आए श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता करते हैं।

मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले और व्यापारियों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें यहां लगा दी हैं। आज मंगलवार को लगने वाले मेले में रविवार की शाम से ही सैकड़ों श्रद्धालु अपने परिवार के साथ मेला स्थल पर पहुंच गए हैं, जहां बच्चों महिला एवं वृद्धों के लिए अलग-अलग घाट बनाए गए हैं। ऊंचे स्थान पर बने मंच पर बैठकर मेला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण समय-समय पर निर्देश देकर श्रद्धालुओं को लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंसमेंट करेंगे तथा श्रद्धालुओं की यथा संभव मदद भी करेंगे। एसडीएम मयंक कुंडू एवं सीओ सुनीता दहिया ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

पुलिस झंडा दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलाई गई शपथ

पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखने का दिया संदेश



उत्तम भारत संवाददाता

मुरादाबाद। सोमवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को पुलिस झंडा दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित संदेश को पढ़कर सुनाया गया। संदेश के माध्यम से पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव को बनाए रखने का आह्वान किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने तथा पुलिस विभाग की गरिमा और गौरवशाली परंपराओं को कायम रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित



उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब के तत्वावधान में महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में जनपद स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. (प्रो.) नजाकत हुसैन ने की। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में केजीके कॉलेज के प्रत्यक्ष यादव ने प्रथम, दयानंद आर्य कन्या कॉलेज की सोनिया गोस्वामी ने द्वितीय तथा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के अंशु जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में दयानंद आर्य कन्या कॉलेज की अलीशा प्रथम, केजीके कॉलेज के मोहम्मद फैजान द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय मथाना कांठ की सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. नागेंद्र पाल सहित उपस्थित प्राध्यापकों ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बेगमपुर की वाल्मीकि बस्ती में अज्ञात बुखार के प्रकोप से एक दर्जन से अधिक बीमार

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। तहसील क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर की वाल्मीकि बस्ती और जस्सू नंगला में अज्ञात बुखार फैलने से ग्रामीणों में दहशत है। स्वास्थ्य विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जस्सू नंगला में 20 नवंबर को बुखार से अंकित कुमार पुत्र सतपाल की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर मरीजों को दवाइयां वितरित कीं, लेकिन बेगमपुर में अभी तक स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है। बेगमपुर की वाल्मीकि बस्ती में एक दर्जन से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे बुखार से पीड़ित हैं। एक बच्चे को बुखार के साथ झटके आने की भी जानकारी है। बस्ती की नालियों में गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान काशीराम ने सफाई कर्मचारियों को भेजकर सफाई कराई और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में तत्काल चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों का उपचार कराने की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

कांठ। अज्ञात वाहन ने अपना वाहन लापरवाही से चलते हुए एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को शाम करीब 6 बजे मुरादाबाद-बिजनौर मार्ग पर मोटरसाइकिल को पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक राजू पुत्र भोला सिंह निवासी अकबरपुर देवमल, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

नगरीय सुविधाओं में सुधार पर जोर, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के साथ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शहरों में अतिक्रमण हटाकर वेंडरों को निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित किया जाए, जिससे यातायात बाधित न हो।

डीएम ने कहा कि नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें आय बढ़ाने के लिए राजस्व के नए स्रोत तलाशें। नए भवनों को कर निर्धारण के दायरे में लाने के साथ विज्ञापन से होने वाली आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी कराई जाए। कूड़ा उठान समय से हो और कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। नालों और नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए।

उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराने और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों से संबंधित लंबित आवेदनों का निर्धारित समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्रतिबंधित पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी कर जुर्माने की कार्रवाई करने तथा पर्यावरण अनुकूल थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा। डीएम ने सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाने, निर्माण कार्य समय से पूरा कराने और निकायों की परिसंपत्तियों का रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर हरियाली की सुरक्षा और प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया।

चांदपुर विधानसभा में चुनावी हलचल तेज बसपा से इकबाल ठेकेदार के नाम की चर्चा!

2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ीं, शहर के मुख्य मार्गों पर बैनर-पोस्टरों से दिखने लगा चुनावी माहौल

उत्तम भारत संवाददाता



चांदपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही चांदपुर विधानसभा क्षेत्र संख्या-23 में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही दूर हो, लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने अपनी राजनीतिक जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों पर बैनर और पोस्टरों की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत दे रही है कि चुनावी मुकाबले की तैयारियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं।

इस बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से चांदपुर विधानसभा सीट पर संभावित प्रत्याशी को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। काफी समय से शहर के प्रमुख स्थानों पर बसपा से जुड़े चुनावी होर्डिंग और बैनर दिखाई नहीं देने के कारण राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे। बसपा समर्थक और राजनीतिक चचाओं में रुचि रखने वाले मतदाता भी पार्टी की ओर से संभावित चेहरे के सामने आने का इंतजार कर रहे थे।

अब राजनीतिक सूत्रों के हवाले से इकबाल ठेकेदार का नाम बसपा के संभावित प्रत्याशी के रूप में चर्चा में आ रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक उनके नाम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उनके नाम की चर्चा ने चांदपुर की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो बसपा सुप्रीमो मायावती की नजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण सीटों पर बनी हुई है। चांदपुर विधानसभा सीट भी बसपा के लिए राजनीतिक दृष्टि से अहम मानी जाती है। ऐसे में पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूत प्रत्याशी उतारकर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने की रणनीति पर काम कर सकती है। चचाएं यह भी हैं कि बसपा चांदपुर सीट पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए अभी से संभावित उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रही है। इसी क्रम में इकबाल ठेकेदार का नाम सामने आना स्थानीय राजनीति में नई चर्चा का विषय बन गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इकबाल ठेकेदार को वास्तव में बसपा अपना प्रत्याशी घोषित करेगी या चुनाव से पहले पार्टी किसी दूसरे चेहरे पर दांव लगाएगी? फिलहाल चांदपुर की सियासत में अटकलों का दौर जारी है। आने वाले दिनों में राजनीतिक दलों की गतिविधियां और संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता चुनावी तस्वीर को और स्पष्ट कर सकती है।

नौ साल से राशन कार्ड के लिए भटक रही महिला की डीएम के हस्तक्षेप पर हुई सुनवाई

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। नौ वर्ष से राशन कार्ड बनवाने आपूर्ति कार्य लेकर चक्कर लगाने के बाद जिलाधिकारी ने राशन कार्ड बनवाये जाने का आश्वासन दिया। महिला ने जिलाधिकारी का हृदय से आभार व्यक्त किया है । तहसील क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर भैंडी निवासी शीतल पत्नी प्रशांत कुमार वर्ष 2017 से राशन कार्ड बनवाने के लिए आपूर्ति विभाग के चक्कर काट रही थीं। महिला का आरोप है कि विभाग में तैनात कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुविधा शुल्क न देने पर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा था और बार-बार कार्यालय के चक्कर लगवाए जा रहे थे। लगातार परेशान होने के बाद शीतल ने जिलाधिकारी मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या बताई और राशन कार्ड बनवाने की गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही महिला को जल्द राशन कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से महिला को राशन कार्ड बनने की उम्मीद फिर से जागी है।

सुबह की बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, जताया रोष

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। तहसील क्षेत्र में ठंड के मौसम में भी लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। खासकर सुबह के समय बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय घरेलू कार्यों के लिए पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन बिजली गुल होने के कारण उपभोक्ता अपने घरों की पानी की टंकियां तक नहीं भर पाते हैं। कई बार पानी की मोटर चलाते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ठंड के मौसम में भी बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है। सुबह के समय बिजली न होने से बच्चों को स्कूल भेजने और अन्य घरेलू कार्यों में भी दिक्कत होती है। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से सुबह के समय बिजली कटौती बंद करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

राष्ट्रीय लोक दल की 77वीं चौपाल डिडोरा में संपन्न



उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। गाँव डिडोरा में राष्ट्रीय लोक दल की 77वीं चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें जाटव समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्थन जताया। क्षेत्र के ग्राम डिडोरा में आयोजित चौपाल में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों, गरीबों और वंचितों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से पार्टी की स्थापना की थी। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह उसी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाला दल है। दलित समाज से आने वाले विधायक अनिल कुमार को कैबिनेट मंत्री बनाना सामाजिक सम्मान और राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है। अभिनय चौधरी ने सभी वर्गों से सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक न्याय को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल का संकल्प सर्वसमाज का सम्मान और सभी वर्गों की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी ने की धान खरीद के कार्यों की समीक्षा, निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में धान खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद सुनिश्चित करने तथा कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीद की जाए तथा खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने और किसानों को धान बिक्री के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला खाद्यान्न विपणन अधिकारी श्याम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में धान खरीद का कार्य आगामी 15 फरवरी 2027 तक संचालित रहेगा। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

जनपद को कुल 63 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अब तक 5678 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री के लिए अब तक 5170 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा जनपद में कुल 43 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को धान खरीद की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति में तेजी लाने तथा किसानों को खरीद प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

योगी सरकार का शहरी सीवरेज व्यवस्था पर जोर 04.16 लाख घरों को मिलेगा सीवर कनेक्शन

लखनऊ, एजेंसी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शहरी बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में योगी सरकार शहरी क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था के विस्तार, स्वच्छता और जल प्रबंधन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दे रही है। अमृत 2.0 मिशन के तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों में सीवर नेटवर्क विकसित करने और घरों को सीवर कनेक्शन से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि शहरी आबादी को बेहतर सीवरेज सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाए।

चार लाख से अधिक घरों को सीवर कनेक्शन देने का लक्ष्य

योजना के अंतर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुल 4.16 लाख घरों को सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर सीवर नेटवर्क का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना के तहत कुल 1751.52 किलोमीटर सीवर नेटवर्क विकसित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 827.41 किलोमीटर नेटवर्क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे शहरी क्षेत्रों में सीवरेज सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और घरों से निकलने वाले गंदे पानी के व्यवस्थित निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

326.25 एमएलडी क्षमता के 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण जारी

सीवरेज व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए केवल सीवर लाइन बिछाने पर ही नहीं, बल्कि गंदे पानी के वैज्ञानिक शोधन और उसके बेहतर प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में 201 एमएलडी क्षमता के 08 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया जा रहा है। इन संयंत्रों के माध्यम से शहरों से निकलने वाले सीवेज का निर्धारित मानकों के अनुरूप शोधन करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त 326.25 एमएलडी क्षमता के 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी प्रगति पर है।

शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूती

योगी सरकार की प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के साथ जल स्रोतों को प्रदूषण से सुरक्षित रखना है। सीवरेज परियोजनाओं के माध्यम से नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों में बिना शोधन के गंदा पानी पहुंचने की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, वैज्ञानिक तरीके से अपशिष्ट जल का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश के शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को नई मजबूती मिलने के साथ नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अमृत 2.0 के माध्यम से योगी सरकार शहरी विकास को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक आधारभूत ढांचे से जोड़ते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान: बलिया में आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

बलिया, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में लगने वाले प्रसिद्ध, ऐतिहासिक और पौराणिक ददरी मेले से पहले कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए आठ लाख लोगों के जुटने का अनुमान है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारी की है। मंगलवार को मुख्य स्नान पर्व से पहले सोमवार को डीएम और एसपी ने तैयारियों को अंतिम रूप से परखा।

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही ददरी मेला महर्षि भृगु के शिष्य दर्दर मुनि (ददर मुनि) के सम्मान में शुरू हुआ, जिन्होंने सरयू नदी की जलधारा को बलिया में गंगा से मिलाया था। इसी संगम पर हर वर्ष लाखों लोग स्नान करते हैं। यूपी के पूर्वांचल के जिलों के अलावा बिहार के कई जनपदों से श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं। इस बार भी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। पूरे मेला क्षेत्र को कई जोन और सेक्टरों में बांटा गया है। एनडीआरएफ, डाग स्क्वायड और बम डिस्पोजल दस्ता तैनात किए गए हैं।

एसपी डा. ई राजा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कार्तिक पूर्णिमा पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराने और वाहनों को चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने को कहा। साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की हिदायत दी। ब्रीफिंग के बाद पुलिस अधीक्षक ने लगभग सौ एकड़ में फैले ददरी मेला परिसर में बने पुलिस बैरक, मेस, बम डिस्पोजल दस्ता और डॉग स्क्वायड का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

टैंकर से कुचल कर वृद्ध की मौत

फरुर्खाबाद। जनपद में कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आईटीआई चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार ने बताया कि कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम ज्यौना ताजपुर निवासी 62 वर्षीय राजकुमार यादव बाइक से फरुर्खाबाद जा रहे थे। जब वह इटावा बरेली हाईवे के ग्राम पपियापुर के निकट से गुजर रहे थे। उसी समय पीछे तेजी से आए टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राजकुमार बाइक से नीचे गिर गये और टैंकर की पहिये के नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर टैंकर को छोड़कर भाग गया। दारोगा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जानकारी परिवार को दे दी गई है।

किसानों का कर्ज माफ हो, गन्ने का मूल्य 700 रुपये कुंतल किया जाए: भाकियू महाशक्ति

बैंकों का कर्ज माफ करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में सोमवार को खाद, बीज, कीटनाशक दवाओं की बढ़ती कीमतों से परेशान किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने आवाज उठाई है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फसलों के मूल्य बढ़ाने और किसानों का बैंक कर्ज माफ करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि खेती की लागत मूल्य लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। महंगाई के चलते किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं के दामों में बढ़ोतरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गन्ने का मूल्य 700 रुपये प्रति कुंतल, गेहूं का समर्थन मूल्य 5000 रुपये प्रति कुंतल और आलू का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया जाए। इसके अलावा किसानों पर विभिन्न बैंकों के बकाया कर्ज को माफ करने की मांग की है।

चलने में असमर्थ फरियादी के पास खुद पहुंचे सीओ क्राइम संवेदनशीलता से सुनी समस्या

फरुर्खाबाद। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में पुलिस की जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। पैर में चोट के कारण चलने-फिरने में असमर्थ एक फरियादी की परेशानी को देखते हुए क्षेत्राधिकारी अपराध (सीओ क्राइम) बलजीत सिंह स्वयं उसके पास पहुंचे और उसकी शिकायत सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीओ क्राइम ने फरियादी की शारीरिक स्थिति को देखते हुए उसे अपनी समस्या बताने के लिए परेशान नहीं होने दिया। वह खुद उसके पास पहुंचे और पूरे धैर्य के साथ उसकी बात सुनी।

शौर्य, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है पुलिस ध्वज: एसपी

मीरजापुर, एजेंसी।



पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को ध्वज के महत्व और उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव ने एसपी का स्वागत पुलिस ध्वज का प्रतीक स्टीकर उनकी वर्दी की बाईं जेब के ऊपर लगाकर करने से हुई। इसके बाद एसपी ने ध्वज फहराकर सलामी दी। पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस ध्वज हमारे चरित्र, गौरवशाली इतिहास और देश व समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। पुलिसकर्मियों ने अपने कौशल, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा से देश सेवा और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह ध्वज सभी को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर और ध्वज प्रदान किया था। इसी दिन पीएसी को भी ध्वज मिला था। उत्तर प्रदेश पुलिस देश का पहला राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस ध्वज प्रदान किया गया।

गंगा स्नान के दौरान दो बालक डूबे, एक की मौत, दूसरे को बचाया



मीरजापुर, एजेंसी।

चील्ह थाना क्षेत्र के रामपुर गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे में डूब रहे दूसरे युवक को घाट पर मौजूद लोगों ने बचा लिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रामपुर गांव निवासी कलंदर हरिजन के घर रविवार को उनके बेटे की बारात गई थी। सोमवार को बारात लौटने पर परिवार के रिश्तेदार और अन्य लोग गांव में मौजूद थे। इसी दौरान भदोही जिले के मूसी गांव निवासी आशीष कुमार का 15 वर्षीय बेटा विवेक कुमार अपने ननिहाल आया हुआ था। वह कक्षा नौ का छात्र था। सोमवार को वह गांव के 20 वर्षीय डिंपल और परिवार की महिलाओं के साथ रामपुर गंगा घाट पर स्नान करने गया था।

स्नान के दौरान विवेक और डिंपल गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद महिलाओं और परिजनों ने डिंपल को तो बचा लिया, लेकिन विवेक पानी में समा गया। शोर सुनकर स्थानीय गोताखोर और परिजन मौके पर पहुंचे। जाल डालकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद विवेक को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस किशोर को जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वाराणसी में लोकबंधु राजनारायण की 109 वीं जयंती पर 109 दीप प्रज्वलित

वाराणसी। वाराणसी में तहसील राजातालाब परिसर में सोमवार को अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने लोकबंधु राजनारायण की 109 वीं जयंती के अवसर पर 109 दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण के व्यक्तित्व और योगदान के बारे में कुछ कहना सूरज को दीपक दिखाने के समान है। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को आज भी याद किया जाता है। प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को चुनौती दी और ऐतिहासिक जीत हासिल की। वहीं सर्वजीत भारद्वाज ने उन्हें गरीबों का मसीहा बताते हुए कहा कि उनका जीवन गरीबों और वंचितों के हितों के लिए समर्पित था। उनका नारा था कि गरीबों को रोटी मिले, इसके लिए उनकी जान भी सस्ती है।

जौनपुर में 28.47 किलोमीटर सड़कों का होगा चौड़ीकरण, 49.38 करोड़ रुपये मंजूर

जौनपुर, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के जौनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार ने जौनपुर में सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जनपद के दो प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 28.47 किलोमीटर सड़कों का विकास कराया जाएगा। इन पर 49 करोड़ 38 लाख 24 हजार रुपये खर्च होंगे। शासन ने पहली किस्त के रूप में 9 करोड़ 87 लाख 64 हजार रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ये विकास कार्य जौनपुर की जनता को समर्पित हैं। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़कों के माध्यम से मुख्य मार्गों से जोड़कर आवागमन को सुगम बनाया जाए। उन्होंने बताया कि पहली परियोजना के तहत सलोनी-महमापुर-कोठवार-जंगीपुर-इटौरी-संदहा मार्ग के 15 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। इसकी कुल स्वीकृत लागत 24 करोड़ 66 लाख 51 हजार रुपये है। इसके लिए पहली किस्त में 4 करोड़ 93 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दूसरी परियोजना के अंतर्गत लुंबिनी-दुद्धी राज्य मार्ग (135ए) के किलोमीटर 225 से लपरी-अतरौरा-खजुरा-बैरयाकाजी-मीरापुर होते हुए मुबारकपुर मार्ग के 13.470 किलोमीटर हिस्से का विकास कराया जाएगा। इस परियोजना पर 24 करोड़ 71 लाख 73 हजार रुपये खर्च होंगे। इसके लिए पहली किस्त में 4 करोड़ 94 लाख 34 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

राज्यमंत्री ने बताया कि दोनों परियोजनाओं में निर्माण के साथ पांच वर्ष के अनुरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। शासनादेश के अनुसार दोनों सड़कों का निर्माण 12 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बेहतर होने से ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। साथ ही क्षेत्रीय व्यापार, आर्थिक गतिविधियों और विकास को भी गति मिलेगी। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

वाराणसी में पुलिस ध्वज दिवस पर फहराया गया ध्वज, पुलिस आयुक्त ने दी सलामी



वाराणसी, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को पुलिस ध्वज दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। उन्होंने पुलिस ध्वज के गौरवशाली इतिहास, महत्व और पुलिस बल की समृद्ध परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए इसकी गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि 23 नवंबर, 1952 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस ध्वज प्रदान किया था। इस सम्मान को प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य पुलिस बल बना था। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि पुलिस बल के साहस, शौर्य, त्याग, समर्पण, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह ध्वज पुलिस की गौरवशाली विरासत के साथ-साथ जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा के संकल्प को भी दर्शाता है।

कार्तिक पूर्णिमा पर फरुर्खाबाद में 24 घंटे भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, एसपी ने जारी किया रूट डायवर्जन

फरुर्खाबाद, एजेंसी।



कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए फरुर्खाबाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया है। इसके तहत जिले में आने वाले भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रोकने और वैकल्पिक मार्गों से भेजने की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सोमवार को बताया कि रूट डायवर्जन 23 नवंबर की शाम छह बजे से 24 नवंबर की शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डंपर और लोडर सहित अन्य भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कन्नौज से कानपुर रोड होते हुए फतेहगढ़ आने वाले भारी वाहनों को गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं, छिबरामऊ से जहानगंज होकर फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को छिबरामऊ से बेवर (मैनपुरी) की ओर भेजा जाएगा। मैनपुरी के बेवर से फतेहगढ़ आने वाले भारी वाहनों को बेवर में ही रोका जाएगा। इसी तरह एटा की ओर से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को बिहारपुर-अलीगंज बॉर्डर पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर और बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहनों को थाना अल्लागंज और हल्लापुर क्षेत्र में रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जरियनपुर चौराहे से ढाई घाट (फरुर्खाबाद) की ओर आने वाले वाहनों को जरियनपुर में ही रोका जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में हिंदू महासभा ने सौंपा शिकायती पत्र, कार्रवाई की मांग

मथुरा, एजेंसी।



अखिल भारत हिंदू महासभा ने सोमवार दोपहर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण और भूमि के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्ष गोविंद नगर को शिकायती पत्र सौंपा है। महासभा ने अतिक्रमणकारियों और कथित रूप से उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

यह शिकायती पत्र महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र कौशिक और जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजवीर दीक्षित के नेतृत्व में राष्ट्रीय व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।

महासभा ने अपनी शिकायत में महाराजा पटनीमल के वंशजों तथा महामना पं. मदन मोहन मालवीय, गणेश दत्त और बी.एल. आत्रेय के मध्य हुए ऐतिहासिक विक्रय विलेख का संदर्भ दिया है। पदाधिकारियों के अनुसार, इस विक्रय विलेख में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्ष 1935 के निर्णय का उल्लेख है, जिसमें संपूर्ण 13.37 एकड़ भूमि को विवाद और भार से मुक्त बताते हुए इसे भगवान केशवदेव का परिसर माना गया था और इसका रखरखाव खरीदारों व उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था तय की गई थी।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि न्यायालय के आदेश एवं विक्रय विलेख की शर्तों के विपरीत परिसर की भूमि पर अतिक्रमण हुआ है और एक हिस्से का दुरुपयोग किया जा रहा है। महासभा ने प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने व संबंधित के खिलाफ कठोर कदम उठाने का अनुरोध किया है।

प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राधाकुंड में आकाशदीप प्रज्वलित कर देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया। इसके अतिरिक्त, 20 नवंबर 2026 को प्रतिनिधिमंडल ने वृंदावन में निमार्णाधीन इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर के निर्माण स्थल का भ्रमण किया तथा मंदिर के अनुष्ठान के लिए महासभा की ओर से चांदी की सिल्ली भेंट की। इस दौरान जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित, जिला महामंत्री सियाराम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रवि पाराशर, मुकेश कुमार, जिला संगठन मंत्री राम शर्मा, दीपक कौशिक, रामप्रकाश दीक्षित, आशु दीक्षित, मोहित सिंह, बिहारी लाल, राकेश चौधरी, नरेंद्र दीक्षित और अमित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।